www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाए, सच के साथ



# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा; भारत के लिए 5 चुनौतियां

नई दिल्ली। चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 5 नवंबर को हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है। इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे।फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर J-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (EMALS) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा।

### पीएम मोदी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण सम्मेलन हुए शामिल

# मोदी बोले-कानूनी भाषा ऐसी हो जिसे आम लोग समझ सकें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कानून की भाषा इतनी आसान होनी चाहिए कि आम लोग उसे समझ सकें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को, चाहे वह गरीब हो या अमीर, न्याय आसानी से मिलना चाहिए। मोदी ने बताया कि सरकार ने गरीबों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए लीगल एड डिफेंस सिस्टम शुरू किया है, जिससे उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता मिल रही है। अगर न्याय हर व्यक्ति तक पहुंचेगा, तभी सच्चा सामाजिक न्याय हो सकता है। जस्टिस विक्रमनाथ ने कहा कि भारत की जेलों में 70 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिन्हें कोर्ट ने अभी तक दोषी नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बहुत गंभीर है और इसके लिए कानूनी सहायता और विचाराधीन कैदियों की हिरासत की प्रक्रिया में तुरंत सुधार की जरूरत है।



### लोग अपनी भाषा में कानून को समझते हैं

पीएम ने बताया कि सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है जिससे लोगों को न्याय आसानी से मिल सके और आने वाले समय में यह प्रक्रिया और तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि न्याय की सुगमता यानी ईज ऑफ जस्टिस (सामाजिक न्याय) की दिशा में एक बड़ा कदम है। मोदी ने बताया कि जब लोग अपने ही भाषा में कानून को समझते हैं, तो वे उसका पालन बेहतर तरीके से करते हैं और झगड़े भी कम होते हैं। जब न्याय सभी के लिए सुलभ होता है और हर व्यक्ति तक समय पर पहुंचता है, तभी यह सामाजिक न्याय की नींव बनता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कानूनी सहायता यानी बहुत जरूरी है ताकि हर व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके।

### जस्टिस सूर्यकांत बोले-टेक्नोलॉजी जरूरी है

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कानूनी मदद को और आसान बनाया जाएगा। टेक्नोलॉजी जरूरी है ताकि दूर बैठे लोगों तक कानूनी क्लिनिक, ऑनलाइन सुलह और डिजिटल शिकायत जैसी सुविधाएं पहुंच सकें। लोगों की स्थानीय भाषा और जरूरतों को समझना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि सुलह समितियों और मध्यस्थता से लाखों लोग लंबे मुकदमों से बचे हैं, पीड़ितों को मुआवजा मिला है और कई विवाद जल्दी सुलझे हैं। जेलों में अब पुनर्वास पर ध्यान है, सैनिक परिवारों के लिए योजनाएं हैं, मध्यस्थता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# जैसलमेर में सेना की मिसाइल टारगेट से चूकी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जैसलमेर में सैन्य अभ्यास के दौरान मिसाइल मिस फायर हो गई। टारगेट से मिस हुई मिसाइल रेंज के पास ही भादरिया गांव के पास गिरी। मिसाइल गिरते ही तेज धमाका हुआ। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। घटना शनिवार शाम 4 बजे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज



की है। सूचना पर स्थानीय पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंची। मिसाइल के पिछले हिस्से के मलबे को पिकअप गाड़ी में लादकर फील्ड फायरिंग रेंज में ले गए। बाकी के टुकड़ों की तलाश की जा रही है।

सैन्य सूत्रों के अनुसार जैसलमेर के लाठी क्षेत्र में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शनिवार को भारतीय वायु सेना (IAF) का नियमित अभ्यास चल रहा था। इस दौरान दागी गई एक मिसाइल टारगेट से भटक गई। मिसाइल फील्ड फायरिंग रेंज की वायरिंग के पास भादरिया गांव से 500 मीटर दूर गिरी। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। भादरिया गांव के लोग घरों से बाहर निकल आए। गांव की आबादी करीब 3 हजार है।

सेना के अधिकारियों ने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया। जवानों ने भादरिया गांव के पास से मिसाइल का पिछला हिस्सा बरामद किया। वे पिकअप गाड़ी में मिसाइल के टुकड़े को लादकर ले गए।

## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया

### आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

### आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# संसद का विंटर सेशन 1 से 19 दिसंबर तक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था। मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली। राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार PM-CM को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

# दिल्ली के बाद काठमांडू एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को तकनीकी खराबी आने के कारण सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोक दी गईं। एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिजी शेरपा ने बताया कि रनवे की लाइटिंग सिस्टम में दिक्कत आ गई है। खराबी शाम करीब 5:30 बजे (स्थानीय समय) पर सामने आई।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि टेक्निकल टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और लाइटिंग सिस्टम को ठीक करने का काम चल रहा है। जल्द ही उड़ानें फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है।इस तकनीकी खराबी से करीब 350 विमान प्रभावित हुए हैं। इनमें 250 से ज्यादा घरेलू उड़ानें और लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। शनिवार को दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी ऐसी दिक्कत आई थी, इससे 800 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुई थीं। खराबी की वजह से दो घरेलू और तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दूसरे हवाई अड्डों पर डायवर्ट कर दी गईं।

# राजस्थान में 2 दिन में पारा 10C गिरा

## MP के भोपाल-इंदौर में रात में सर्दी बढ़ी, दिल्ली में AQI 400 पार, रेड जोन घोषित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस से उत्तर भारत के राज्यों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड में हुई बर्फबारी ने मैदानी राज्यों में सर्दी तेज कर दी। राजस्थान में दो दिन के अंदर पारा 10C गिरा है। सबसे ज्यादा सर्दी नागौर में रही, यहां का मिनिमम



टेम्प्रेचर 6.7C रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में नवंबर के पहले सप्ताह में ही ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजधानी भोपाल में पारा 8.4C रिकॉर्ड किया गया। जो पिछले 10 साल दूसरी नंबर का सबसे कम तापमान है। नवंबर 2024 में न्यूनतम तापमान 8.2C रिकॉर्ड किय गया था।

इधर दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 11C रिकॉर्ड हुआ। जो कि एवरेज से 3C कम है। दिल्ली में दिन का अधिकतम तापमान 28.6C दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9C कम है।वहीं शुक्रवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर 400 AQI के पार हो गया। इसके साथ ही दिल्ली रेड जोन में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, शाम 4 बजे तक 24 घंटे का औसत AQI 361 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

## सम्पादकीय

# बिना बीमा वाले वाहनों पर लगाम की तैयारी, कार्रवाई के डर से सुधरेंगे लोग?

यह अच्छा है कि सरकार बिना बीमा वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए इंश्योरेंस इन्फार्मेशन ब्यूरो बनाया जा रहा है, जहां सभी वाहनों का डाटा होगा। इस ब्यूरो के जरिये जिन वाहनों का बीमा नहीं पाया जाएगा, उनके मालिकों को चेतावनी संदेश भेजा जाएगा और उस पर ध्यान न देने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसा किया ही जाना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रहे कि बात तब बनेगी, जब बीमा रहित वाहन चलाने वालों के खिलाफ सचमुच कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चूंकि अभी ऐसा नहीं किया जाता, इसलिए बड़ी संख्या में लोग बीमा खत्म होने के बाद भी उसके बगैर वाहन चलाते रहते हैं। यह स्थिति यही बताती है कि अपने देश में आवश्यक नियम-कानूनों का पालन न करने की प्रवृत्ति कायम है। यह प्रवृत्ति सब चलता है वाले रवैए को ही बयान करती है। यह प्रवृत्ति वाहन मालिकों के साथ-साथ सरकारी तंत्र की ढिलाई का भी नतीजा है। यह ढिलाई किस बड़े पैमाने पर बरती जा रही है, इसका पता इससे चलता है कि सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े के अनुसार देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना बीमा के चलाए जाते हैं। जब कभी बिना बीमा वाले वाहन दुर्घटना से दो-चार होते हैं, तब वाहन स्वामी के साथ हादसे के शिकार व्यक्ति को भी अतिरिक्त मुसीबत का सामना करना पड़ता है। अपने देश में मार्ग दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। बिना बीमा वाहन चलाने वाले दुर्घटना की स्थिति में अपने साथ-साथ दूसरों को संकट में ही नहीं डालते, मुकदमेबाजी का कारण भी बनते हैं। ऐसे लोग इससे बेपरवाह रहते हैं कि उनके वाहन का बीमा न पाए जाने पर उन्हें जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस बेपरवाही के मूल में है जुर्माने की राशि अधिक न होना और पकड़े जाने पर कुछ ले-देकर या रौब जमाकर छूट जाने का भरोसा होना। नियम-कानूनों की अनदेखी तभी होती है, जब उनके पालन का तंत्र निष्प्रभावी या नाकाम होता है। अपने देश में ऐसा हर क्षेत्र में होता है। इसी कारण सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ती रहती है और बढ़ते सडक़ हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। आवश्यक केवल यह नहीं कि बिना बीमा वाहन न चलने दिए जाएं, बल्कि यह भी है कि अकुशल चालकों, खटारा वाहनों, खराब सडक़ों के साथ-साथ यातायात नियमों की अवेहलना के चलते होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए।

इसके लिए केवल नियम-कानूनों को कठोर ही नहीं करना होगा, उन पर सही तरह अमल भी सुनिश्चित करना होगा। आम तौर पर ऐसा करने की घोषणा कर दी जाती है और कभी-कभी तो नियम-कानूनों में संशोधन भी कर दिया जाता है, लेकिन उनके पालन के अभाव में नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### आज का इतिहास

- 9 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1236 - मुग़ल शासक रुकनुद्दीन फिरोज शाह की हत्या।
- 1580 - स्पेन की सेना ने आयरलैंड पर हमला किया।
- 1729 - ब्रिटेन, फ़्राँस और स्पेन ने सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे आंग्ल-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
- 1794 - रुसी सेनाओं ने पोलैंड की राजधानी वारसा पर क़ब्ज़ा किया।
- 1887 - अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले।
- 1917 - बोल्शेविक रूस की अस्थायी सरकार में जोसेफ स्टेलिन का प्रवेश।
- 1918 - जर्मनी एवं बोल्शेविक रूस के बीच ब्रेस्ट-लितोस्क की संधि; येरुशलम पर ब्रिटेन का अधिकार; एकेटरिंगबर्ग में जार, जारीना एवं उनके बच्चों को फाँसी; जर्मन क्रांति; सम्राट विलियम द्वितीय द्वारा देश-त्याग; जर्मन गणतंत्र की उद्घोषणा।
- 1937 - जापानी सेना ने चीन के शंघाई शहर पर क़ब्ज़ा किया।
- 1948 - जूनागढ़ रियासत का भारत में विलय।
- 1949 - कोस्टारिका में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1953 - कंबोडिया को फ्रांस से आजादी मिली।
- 1962 - अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1985 - एंटोली कारपोव को हरा कर सोवियत रूस के 22 वर्षीय गैरी कास्पारोव दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैम्पियन बने।
- 1989 - ब्रिटेन में मृत्यु-दण्ड की सज़ा पर पूरी तरह से रोक लगाई गई।
- 2000 - उत्तराखण्ड का उत्तर प्रदेश से अलग राज्य के रूप में गठन।
- उत्तर प्रदेश से विभाजित कर उत्तराखंड को एक नया राज्य बनाया गया।
- उत्तराखंड भारत गणराज्य के 27 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।
- 2001 - एलाएंस की सेना मजार-ए-शरीफ़ में घुसी।
- 2005 - फ़्रांस में आपातकाल घोषित। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने स्पष्ट किया कि ईराक में बहुराष्ट्रीय फ़ौजें 2006 तक बनी रहेंगी।
- जॉर्डन के तीन होटलों पर हुए आत्मघाती हमले में 60 से ज्यादा लोग मारे गए।
- 2008 - जम्मू-कश्मीर आवामी लीग नेशनल कांफ्रेंस ने विधान सभा चुनाव के लिये अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

## विशेष आलेख

# जनसुरक्षा पर बड़ा कदम-सार्वजनिक स्थलों पर आवारा पशुओं पर नियंत्रण



सुनील कुमार महला



देश में कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 शुक्रवार को यह निर्देश दिए हैं कि देशभर में शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि परिसरों में आवारा कुत्तों को हटाएं और उन्हें निश्चित डॉग शेल्टर में छोड़ा जाए। इतना ही नहीं, इन संस्थाओं में कुत्तों का प्रवेश रोकने के लिए बाड़ भी लगाए जाने की बात कही गई है। पाठकों को बताता चलूं कि कुत्तों (श्वानों) पर निर्देशों में क्रमशः शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि संस्थागत क्षेत्रों में नगरपालिका आठ सप्ताह में बाड़ लगाकर कुत्तों का प्रवेश रोकना, हर संस्था में नोडल अधिकारी का होना, जिसका विवरण बोर्ड पर प्रदर्शित हो, कुत्तों को इन संस्थाओं से हटाकर टीकाकरण व बधियाकरण करके शेल्टर होम में छोडऩा,हर तीन माह में अफसरों द्वारा व्यवस्था का निरीक्षण करना, अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन का स्टॉक सुनिश्चित करना तथा पशु कल्याण बोर्ड द्वारा चार सप्ताह में आवारा कुत्तों के काटने की रोकथाम की एसओपी जारी करना जैसे निर्देश शामिल हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि देशभर में पिछले कुछ समय में कुत्तों के काटने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तव में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बढऩा आज चिंता का विषय बन गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रेबीज के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। जनता में भय का माहौल है और आये दिन हम मीडिया की सुर्खियों में यह पढ़ते हैं कि बच्चों पर हमले की घटनाएं अधिक सामने आ रही हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि नगर निगम और प्रशासन मिलकर इन घटनाओं पर नियंत्रण के ठोस कदम उठाएं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि माननीय कोर्ट ने हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वहां से भी आवारा मवेशियों को हटाकर बाड़े में भेजने के भी निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पीठ ने नगरपालिका, परिवहन व अन्य विभागों को संयुक्त अभियान चलाकर हाईवे व एक्सप्रेस-वे से आवारा पशुओं को हटाने और आश्रय स्थलों पर भेजने के निर्देश दिए हैं। हाइवे पर पशु रोकने को डेडिकेटेड गश्ती दल बनाकर 24 घंटे काम करने व सूचना पर कार्रवाई करने को भी कहा। इतना ही नहीं पीठ ने हाईवे पर जगह-जगह हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करने, बड़े अफसरों को नियमित निगरानी करने के आदेश भी दिए हैं।दरअसल, प्रायः यह देखा गया है कि हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी सडक़ दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रही है। अचानक सडक़ पर आ जाने से वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे गंभीर हादसे होते हैं। खासकर रात के समय दृश्यता कम होने के कारण खतरा और बढ़ जाता है। इन घटनाओं में न सिर्फ इंसानी जानें जाती हैं, बल्कि पशुओं की भी मौत होती है। सरकार और स्थानीय प्रशासन को यह चाहिए कि वे इसके लिए ठोस प्रबंधन और निगरानी जैसे कदम उठाएं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाईवे पर आवारा पशुओं के मामले में शीर्ष अदालत ने राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से दिए आदेश को देश में लागू कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आवारा कुत्तों के आतंक पर स्वतः प्रसंज्ञान मामले की सुनवाई के बाद यह निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार बेंच ने आवारा कुत्तों के मामले सख्ती बरतते हुए राज्यों के मुख्य सचिवों को हिदायत दी है कि आदेश की पालना नहीं करने पर उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इतना ही नहीं, इस संबंध में, मुख्य सचिवों से 3 सप्ताह में हलफनामे पर स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी गई है। जानकारी के अनुसार इस संबंध में अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। बहरहाल, प्रायः यह देखा गया है कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस डिपो और रेलवे स्टेशनों में आवारा कुत्तों व पशुओं की समस्या तेजी से बढ़ रही है और इन स्थानों पर आए दिन लोग इन जानवरों के हमलों या बाधाओं का सामना करते हैं। अक्सर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से खतरनाक बन जाती है।अस्पतालों में स्वच्छता और सुरक्षा पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। विभिन्न खेल परिसरों में भी खिलाड़ी अक्सर आवारा कुत्तों/आवारा पशुओं की मौजूदगी से परेशान रहते हैं। बस डिपो और रेलवे स्टेशनों पर इन पशुओं के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, नगर निकायों की लापरवाही से यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।जरूरत है कि इन जानवरों के पुनर्वास और नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। हाल फिलहाल, आवारा श्वानों की समस्या से निजात के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित ताजा निर्देश अनुकरणीय है। माननीय कोर्ट ने इस बात को समझा है कि श्वान और आवारा पशु आज आमजन के लिए कितनी बड़ी समस्या बनकर उभरे हैं। वास्तव में सच तो यह है कि भारत में कुत्तों के काटने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 में देशभर में लगभग 30 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें 286 लोगों की मौत भी हुई। यह आंकड़ा 2022 की तुलना में करीब 26 प्रतिशत ज्यादा था। वर्ष 2024 में भी स्थिति चिंताजनक रही, जब देश में लगभग 22 लाख लोगों को कुत्तों ने काटा, जिनमें पांच लाख से अधिक बच्चे शामिल थे। राज्यों में केरल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली में मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। शहरी क्षेत्रों में, विशेषकर नोएडा जैसे शहरों में, घटनाएं 31 प्रतिशत तक बढ़ीं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व स्तर पर हर साल लगभग 59 हजार लोगों की मौत रेबीज़ के कारण होती है, जिनमें अधिकांश मामले एशिया और अफ्रीका से आते हैं।

# क्या अफगानिस्तान बगराम एयरबेस पर भारत का एकाधिकार स्वीकार करेगा?



रामस्वरूप रावतसरे

*मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बगराम एयरबेस से चीन की सबसे नजदीकी परमाणु प्रयोगशाला 2 हजार किलोमीटर की दूरी पर उत्तर पश्चिम चीन में ''लोप नूर'' नाम के क्षेत्र में है। सडक़ या अन्य मार्ग से यह दूरी कई घंटों की हो सकती है।*

अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस पर अमेरिका, चीन, पाकिस्तान सब नजरें गड़ाए हुए हैं। एक ओर जहां अमेरिका इस एयरबेस को फिर से वापस चाहता है। वहीं, इस एयरबेस से चीन के परमाणु प्रयोगशाला की भी दूरी भी बेहद कम है। यहां से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और बलूचिस्तान की भी दूरी बेहद कम है। इसके अलावा, यहां से पूरे मध्य एशिया के लिए एक रास्ता भी खुलता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर अफगानिस्तान तालिबान के इस एयरबेस को भारत को सौंपने की खबर भी खूब चली। हालांकि, इस खबर का खुद अफगानिस्तान सरकार के अधिकारियों ने भी आधारहीन बताया है। इस तरह का कोई प्रस्ताव तालिबान ने भारत को नहीं दिया है और न ही भारत ने खुद ऐसी इच्छा जताई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बगराम एयरबेस से चीन की सबसे नजदीकी परमाणु प्रयोगशाला 2 हजार किलोमीटर की दूरी पर उत्तर पश्चिम चीन में ''लोप नूर'' नाम के क्षेत्र में है। सडक़ या अन्य मार्ग से यह दूरी कई घंटों की हो सकती है। हालांकि, लॉकहीड एसआर- 71 ब्लैकबर्ड जैसे आधुनिक सैन्य विमान इस फासले को लगभग एक घंटे में पूरा कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बगराम एयरबेस काबुल के उत्तर में 60 किलोमीटर दूर परवान प्रांत में स्थित बताया जा रहा है। इसे सबसे पहले 1950 के दशक में सोवियत संघ ने बनाया था और 1980 के दशक में अफगानिस्तान पर कब्जे के दौरान यह उनका मुख्य सैन्य अड्डा बन गया। साल 2001 में जब अमेरिका ने तालिबान को सत्ता से हटाया तो उसने इस अड्डे पर नियंत्रण कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, जब अमेरिका बगराम में आया, तब तत्कालीन बगराम खंडहर में तब्दील हो चुका था, लेकिन अमेरिकी सेना ने इसे फिर से बनाया जो कि करीब 77 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। बगराम अमेरिका का सबसे बड़ा और दुनिया के सबसे मजबूत एयरबेस में से एक था जो कंक्रीट और स्टील से बना हुआ है। जानकारों के अनुसार बगराम कई किलोमीटर लंबी मजबूत दीवारों से घिरा हुआ है। इसके आसपास का क्षेत्र सुरक्षित था और कोई भी बाहरी शख्स इसके अंदर प्रवेश नहीं कर सकता था। यहां इतने बैरक और क्वार्टर्स हैं कि एक समय में यहां 10 हजार से अधिक सैनिक रह सकते हैं। पिछले तीन सालों से बगराम एयरबेस पर तालिबान की सेनाएं अमेरिकी सैनिकों के छोड़े गए सैन्य साज़ो-सामान का इस्तेमाल करते हुए सैनिक परेड और दूसरे समारोह आयोजित कर रही हैं। बगराम के दो रनवे में से एक ढाई किलोमीटर से अधिक लंबा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अपनी ब्रिटेन की यात्रा के दौरान कहा था-बगराम दुनिया के सबसे बड़े एयरबेस में से एक है और हमने इसे वापस दे दिया। अब हम इस अड्डे को फिर से पाना चाहते हैं, क्योंकि यह उस जगह से महज एक घंटे की दूरी पर है जहां चीन अपने परमाणु हथियार बनाता है। इसके बाद से ही विवाद पैदा हो गया था। जब अमेरिकी सेना ने एयरबेस छोड़ा तो वहां बड़े पैमाने पर सैन्य उपकरण, सैनिक वाहन, गोला बारूद रह गए थे।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### मन की बात



एक माँ-बेटी थीं। बेटी जवान हो रही थी, लेकिन उसका विवाह नहीं हो पा रहा था। विधवा वृद्धा माँ इसी चिंता में घुली जा रही थी। जवान बेटी घर से बाहर जाती तो माँ उसकी चौकसी करती। बेटी को यह पसंद नहीं था।

संयोग की बात थी कि दोनों को नींद में चलने और बड़बड़ाने की आदत थी। एक रात दोनों नींद में उठ गई और सडक़ पर चलने लगीं। माँ नींद में जोर-जोर से लडक़ी को गालियाँ दे रही थी इस दुष्ट के कारण मेरा जीना हराम हो गया है। यह जवान हो रही है और मैं बुढ़ापे से दबी जा रही हूँ। बाजू की सडक़ पर लडक़ी भी नींद में चल रही थी और बड़बड़ा रही थी-'यह दुष्ट बुढिया मेरा पीछा छोड़ती ही नहीं। जब तक यह जीवित है, तब तक मेरा जीवन नरक है। तभी मुरगे ने बाँग दी। चिड़िया चहचहाने लगीं और ठंडी बयार बहने लगी। बूढ़ी माँ ने बेटी को देखा। वह प्यार भरे स्वर में बोली, आज इतनी जल्दी उठ गई। कहीं सर्दी न लग जाए। ऐसे दबे पाँव उठी कि मुझे पता ही नहीं चला। बेटी ने माँ को देखा तो झुककर उसके पैर छू लिये। माँ ने बेटी को गले से लगा लिया। तब बेटी उलाहने के स्वर में बोली, माँ, कितनी बार कहा कि इतनी सुबह मत उठा करो मैं पानी भर दूँगी और घर साफ कर दूँगी। तुम बूढ़ी हो। बीमार पड़ गई तो क्या होगा? माँ, तुम ही तो मेरा एकमात्र सहारा हो। इतनी मेहनत करना ठीक नहीं है। आखिर मैं किसलिए हूँ!

माँ-बेटी नींद में क्या कह रही थीं और जागने पर क्या कह रही थीं? नींद तो झूठ है, सपना झूठ है। नींद में चलना तो रोग है, लेकिन बात एकदम उलटी है। जो नींद में कह रही थीं, वही सच था जो जागने पर कह रही हैं, वह एकदम झूठ है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सुबह खाली पेट दालचीनी का पानी पीने से मिलेंगे ये 5 फायदे, ब्लड शुगर से लेकर पाचन तंत्र भी रहेगा हेल्दी

दालचीनी का इस्तेमाल भारतीय रसोई में मसाले के रूप में किया जाता है। दालचीनी न सिर्फ खाने के स्वाद और सुगंध को बढ़ाती है, बल्कि सेहत को भी कई लाभ पहुंचाती है। इसमें विटामिन-ए, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी दालचीनी का पानी पिया है? जी हां, दालचीनी का पानी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। रोजाना सुबह खाली पेट पहले इसका सेवन करने से सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन से शरीर की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। यह इम्यूनिटी बूस्ट करने से वजन घटाने तक में फायदेमंद साबित हो सकता है।

**पाचन तंत्र को दुरुस्त रखे**

सुबह खाली पेट दालचीनी का पानी का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। दरअसल, इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से कब्ज, गैस, अपच और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

**वजन घटाने में मददगार**

सुबह खाली पेट दालचीनी के पानी का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को कम करने में मदद मिलती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से धीरे-धीरे वजन कम हो सकता है।

**बॉडी को डिटॉक्स करे**

सुबह खाली पेट दालचीनी के पानी का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिल सकती है। इसका सेवन करने शरीर में जमा गंदगी और टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। यह लिवर और किडनी को हेल्दी रखने में मदद करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में बड़े सदस्यों की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके गलत खान-पान के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मनमाने व्यवहार से लोग परेशान रहेंगे, लेकिन कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे और आपके जूनियर भी आपका पूरा साथ देंगे और किसी काम को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता जी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने भाई व बहनों से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जिन्हें आप बिजनेस में तुरंत आगे बढ़ाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह**

आज का दिन सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी, लेकिन आपको किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचना होगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से यदि कुछ मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। यदि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्याओं को लेकर परेशान चल रहे हैं।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के रिश्ते में एक नया मोड़ आएगा, जिसमें उन्हें थोड़ा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। नौकरी में यदि आप बदलाव करने की सोच रहे हैं।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका धन यदि कहीं अटका हुआ था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे ।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने घर पर बाहर दोनों के कामों में तालमेल बनाकर चले, नहीं तो परिवार में सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत बहुत ही देखभाल कर करने की आवश्यकता है। आप किसी पर आंख बंद करके भरोसा ना करें।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर मानसिक तनाव बना रहेगा। यदि आपका कोई संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।

# रेलवे: अब कंटेनरों के जरिये सीधे निर्माण स्थल तक पहुंचेगा सीमेंट



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** भारतीय रेलवे ने सीमेंट परिवहन के लिए नई लॉजिस्टिक नीति बनाई है। अब सीमेंट को कंटेनरों के माध्यम से सीधे निर्माण स्थलों तक पहुंचाया जाएगा। इस नीति का उद्देश्य सीमेंट उद्योग को बेहतर लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करना और परिवहन लागत को कम करना है। कंटेनरों के उपयोग से लोडिंग और अनलोडिंग का समय भी कम होगा।

गौरतलब है कि रेलवे की सहायक कंपनी कानकोर ने ऐसा अत्याधुनिक कंटेनर विकसित किया है, जो बल्क सीमेंट को बिना किसी पैकेजिंग के सीधे मिक्सिंग मशीन तक पहुंचाएगा।

जल्द हो सकती है घोषणा

जानकारी के अनुसार नई सीमेंट लॉजिस्टिक नीति से परिवहन लागत में 15 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी घोषणा जल्द कर सकते हैं। जानकार इस पहल को सीमेंट उद्योग और निर्माण क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी बदलाव मान रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक सीमेंट फैक्ट्रियों से बोरियों में भरकर ट्रकों से भेजा जाता था। इससे न सिर्फ हैंडलिंग में दिक्कत होती थी बल्कि धूल प्रदूषण, पैकेजिंग लागत और ट्रांसपोर्ट खर्च भी बढ़ जाता था।

रेलवे की नई नीति से सीमेंट एक ही साथ बड़ी मात्रा में कंटेनर में लोड होकर गंतव्य तक पहुंच जाएगा और फिर वहां से कनेक्शन के जरिये सीधे निर्माण स्थल की मिक्सिंग यूनिट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इससे पैकेजिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी और अनावश्यक बर्बादी भी नहीं होगी।

# सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत 24 घन्टे में 1201 वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** जिला पुलिस द्वारा चलाये गये सडक़ सुरक्षा अभियान के दौरान पिछले 24 घंटे में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एमवी एक्ट के तहत, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, बिना रिफलेक्टर वाहन चलाने, बिना नम्बरी वाहन चलाने आदि विभिन्न वाहन चालकों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए, सडक़ उपयोगकर्ताओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण एवं यातायात राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार, गम्भीर दुर्घटनाओं को रोकने के लिये दिये गये निर्देशों की पालना में 4 नवम्बर से चलाये जा रहे सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एमवीएक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 15, तेज गति से वाहन चलाने वाले-79, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले-332 ,खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले -10, बिना रिफलेक्टर के वाहन चलाने वाले 38, बिना नम्बरी वाहन चलाने वाले 39 आदि विभिन्न वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 1201 सडक़ उपयोगकर्ताओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारियों ने हाई-वे मोबाईल यूनिट को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मतदाता सूची 2025 गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)** । कार्यवाहक तहसीलदार राम धन जी मीणा ने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से प्रारंभ हुआ जो कि 4 दिसंबर तक चलेगा इस कार्य में प्रत्येक मतदाता को आवश्यक दस्तावेज बी एल ओ को देने होंगे बी एल ओ घर घर जा कर संपर्क करेंगे ताकि एक मतदाता का एक ही जगह नाम हो किसी प्रकार की खामी मतदाता सूची में ना हो।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पलाई टीम ने बाजी मारी

बढ़ता राजस्थान

**पलाई, टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । मेरा युवा भारत केंद्र टोंक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई।

जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर व लेखाकार रोहिल सिंह ने बताया की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्योजी लाल धाकड़ के नेतृत्व में कबड्डी, रस्साकसी, 100 व 400 मीटर दौड़ में उनियारा ब्लॉक के 32 खिलाडियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना पूरे जोश के साथ दमखम दिखाया गया। कबड्डी के सेमीफाइनल में पलाई, उनियारा व टोडारायसिंह की टीम के बीच खेला गया, जिसमें पलाई टीम विजेता रही।

कबड्डी का फाइनल मुकाबला पलाई, उनियारा व निवाई टीम के बीच खिलाडियों ने अपने पूरा जोश व दमखम के साथ खेला गया, कबड्डी में पलाई, उनियारा टीम ने निवाई टीम को करारी शिकस्त देकर जीत अपने नाम दर्ज ली, उनियारा ब्लॉक की पलाई टीम जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रही, रस्साकसी में महीला वर्ग में राजकीय उमावि पलाई, उनियारा व बरोनी टोंक के बीच खेला गया, जिसमें विजेता बरोनी टोंक रही, वही उपविजेता राजकीय उमावि पलाई, उनियारा टीम रही, 400 मीटर महीला वर्ग में प्रियांशी धाकड़ प्रथम विजेता रही, वहीं दितीय स्थान पर अंचेता धाकड़ ने हासिल किया, 100 मीटर दौड़ में दितीय स्थान पर रीना सैनी ने प्राप्त किया, तृतीय स्थान पर सुमन मीना ने प्राप्त किया, बाद में अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाडियों को मैडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# नाबालिक दुष्कर्म पीड़िता की माँ ने दोषी को कठोर सजा और मासूम को मिले न्याय की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सेठी सेठी)** । उपखंड क्षेत्र के दूनी नगर स्थित निजी हॉस्टल मे एक नाबालिग 10 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पीडित्ता की माँ ने शनिवार सुबह देवली उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मासूम बेटी को जल्द ही न्याय दिलाने और दोषियों को कठोर सजा दिए जाने की मांग कि है। मासूम बालिका की मां ने उपखंड अधिकारी से गुहार लगाई है कि त्वरित न्याय और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।ज्ञापन में पीडित्ता की मां ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ बीते वर्ष एक निजी हॉस्टल संचालक ने दुष्कर्म कर डाला। इसे लेकर होटल संचालक सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध दूनी पुलिस थाने में उक्त दुष्कर्म प्रकरण का मामला भी दर्ज किया हुआ है। पीडित्ता की मां ने यह भी बताया कि आरोपियों के अपने प्रभावशाली होने के कारण वह साक्ष्य और सबूत मिटाने और गवाहो को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं ।पीडित्ता की मां ने उपखंड अधिकारी से मामले की सुनवाई त्वरित से न्यायालय में कराने और आरोपी सहित अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की है। तो वही, पीडित्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिवार को सरकारी सहायता,मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मुआवजा दिलाने की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि उक्त दुष्कर्म प्रकरण के मामले में हाल ही में आए नये पुलिस उपाधीक्षक हेमराज ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जांच करते हुए आरोपी हॉस्टल संचालक मुकेश गुर्जर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय मे पेश किया इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया है।



## वंदे मातरम के 150 वर्ष:

# सवाई माधोपुर में गूंजा राष्ट्रगीत, देशभक्ति से सराबोर रहा इंदिरा मैदान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन इंदिरा मैदान में हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में देशभक्ति, स्वदेशी चेतना और राष्ट्रीय एकता की भावना का अनुपम संगम देखने को मिला।


कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर, जिला कलक्टर काना राम सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने माँ भारती एवं महापुरुषों के चित्र पर दीप-प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात् विद्यालयों के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम थीम पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिनसे सारा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर राजेश मीना ने वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उसकी राष्ट्रीय महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।



### वंदे मातरम् बाइक रैली में गूजे "जय हिन्द", "वंदे मातरम् के नारे"

कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम् बाइक रैली को जिला कलेक्टर काना राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा सहित अनेकों अधिकारियों ने पुलिस के जवानों एवं आमजन के साथ बाईक पर सवार होकर इंदिरा मैदान से, सिविल लाइंस, आम्बेडकर सर्किल, पुलिस लाइन होते हुए रैली निकाली , जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: इंदिरा मैदान पर संपन्न हुई। शहर की सडक़ों पर तिरंगों की लहर और जय हिंद के नारों से पूरा माहौल देशभक्ति से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र कुमार जिंदल, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं हजारों की संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा इंदिरा मैदान वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना चरम पर रही। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक मीना शर्मा तथा जुगराज बैरवा द्वारा किया गया।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला टोंक दौरे पर रहे



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत करने टोंक पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का टोंक आगमन पर एचएन-52 पर एक निजी रिसोर्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद शहर में जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने भी ओम बिरला का स्वागत-सत्कार किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पुरानी टोंक स्थित जैन समाज के पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत की इस अवसर पर कार्यक्रम मौजूद जैन धर्मावलंबियों को सम्बोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि देश और दुनिया में लोगों को अहिंसा के मार्ग पर चलने की जरूरत है, शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने से ही चलने से ही मनुष्य जीवन का कल्याण होगा। पंचकल्याणक महोत्सव कर्यक्रम ओम बिरला जैन नसियां पहुंचे जहां वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज से आशीर्वाद लिया इस अवसर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, नरेश बंसल भी साथ में रहे मौजूद।

# टोंक मे हुआ कला कुम्भ का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** अंतरंग एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी, टोंक के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 7 नवंबर, 2025 से 9 नवंबर, 2025 तक 19वें अंतरराष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 7 नवंबर 2025 को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कलापर्व प्रवक्ता शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हीरालाल गोहिल वरिष्ठ कलाकार अहमदाबाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कलाकार अतिथि रितु चौधरी विभागाध्यक्ष दृश्य कला जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर राजस्थान ने की। विशेष अतिथि ऐवगेनी लोबानोव, सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी रशिया, सोफिया शमनोवा, प्रोफेसर सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी रशिया, सुनैना ठाकुर, वरिष्ठ चित्रकार नेपाल, संदीप सुमेन्द्र, वरिष्ठ चित्रकार जयपुर राजस्थान, राधेश्याम शर्मा, सचिव भारत विकास परिषद टोंक, राम प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष भारत विकास परिषद टोंक, डॉ. प्रदीप गहलोत, चिकित्सा अधिकारी टोंक, रोहित कुमावत, समाजसेवी टोंक, जिगना पोपट, लंदन रहे।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला टोंक आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया।इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है।भारत आज नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।भारत में सभी व्यक्तियों को अभिव्यक्ति की आजादी है।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत और अधिक प्रगति करेगा।दुनिया की समस्याओं का समाधान भारत कर रहा है।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सतीश चंदेल, सत्यनारायण चौधरी,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,ओम पांडे, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा, जिला मंत्री नीलिमा आमेरा,रामकिशन गुर्जर, अबूबकर नकवी,कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, गणेश सैनी, रत्तीराम पहाडिया, विजय मालवानी, शम्भू शर्मा,नन्दलाल छान,धर्मराज गुर्जर,भगवान सैनी,हनुमान बैरवा, देवराज गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे।



# भाजपा कार्यालय टोंक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यशाला आयोजित, बूथ स्तर पर अभियान को सफल बनाने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । टोंक विधानसभा क्षेत्र की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कार्यशाला भाजपा कार्यालय टोंक पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में रखी गई।कार्यशाला में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल मुख्य वक्ता रहे।कार्यशाला में बड़ी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि,भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि बीएलओ 2 के साथ तालमेंल बनाकर एसआईआर अभियान को सफल बनाना है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर बीएलओ से निरन्तर संपर्क बनाए रखना है।उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता किसी भी संगठन की अहम कड़ी है।एसआईआर अभियान का लक्ष्य मतदाता सूची को शुद्ध, स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने में सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान को संगठन विस्तार के साथ-साथ लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने का अवसर हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारना है।उन्होंने कहा कि मतदाताओं की वोट ही निर्णायक है। उन्होंने कहां की मतदाताओं तक बीएलओ पहुंच नहीं पाए हैं, उन्हें बीएलओ तक पहुंचने में सक्रिय भागीदारी निभानी है।





पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल ने कहा कि एसआईआर अभियान संगठन का महत्वपूर्ण अभियान हैं।यह एक प्रशासनिक कार्य नही बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने का काम है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि एसआईआर अभियान की जानकारी प्रत्येक नागरिक को घर-घर देना है।उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक केन्द्रीत और समयबद्व पुनरीक्षण है। जिसके तहत योग्य मतदाताओ के नाम जोड़े जाएगें और अयोग्य नाम हटाए जाएगें और त्रुटियों को सुधारा जाएगा, ताकि मतदाता सूची विश्वसनीय बने।उन्होंने कहा कि मतदाताओं को सूची में अपना नाम सही रखने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला हैं।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सही लोगों के नाम जुडने चाहिए और गलत या फर्जी नाम हटाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्येक बूथ पर पात्र नागरिक का नाम सूची से नही छूटना चाहिए। इससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सत्यनारायण चौधरी, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,रामनिवास गुर्जर, अबुबकर नकवी, बेनीप्रसाद जैन, विवेक शर्मा, लोकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# भव्य आयोजन की तैयारी शुरू- पुष्प बाल मेला का प्रथम निमंत्रण पत्र बोहरा गणेश जी को दिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री देवेन्द्र धाम ट्रस्ट की ओर से आयोजित किये जाने वाले पुष्प बाल मेले का प्रथम निमंत्रण पत्र आज बोहरा गणेजी मन्दिर में श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रजनी डांगी के नेतृत्व में भेंट किया गया तथा गुरू समाधि पर चढ़ाया गया। आयोजन समिति के अर्पित बड़ाला ने बताया कि प्रथम निमंत्रण पत्र भगवान बोहरा गणेश जी के चरणों में एवं द्वितीय निमंत्रण पत्र पूज्य गुरु उपाध्याय भगवंत पुष्कर मुनि जी म.सा. की समाधि पर अर्पित किया गया। इस अवसर पर सफल आयोजन हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया गया। आयोजन समिति से हर्षित सिंघवी ने बताया कि इस वर्ष होने वाला 'पांचवां पुष्प बाल मेला' पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक 'भव्य एवं आकर्षक' रहेगा। समिति ने उदयपुरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस 'दो दिवसीय आनंदोत्सव' में सम्मिलित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# डीपीएस, उदयपुर की दीमाइरा और तितिक्षा ने स्केटिंग में फहराया परचम




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की होनहार छात्रा दीमाइरा खंडेलवाल और तितिक्षा भारद्वाज ने हाल ही में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक अपने नाम किए। स्केटिंग के कोच धीरज देवड़ा ने बताया कि दीमाइरा ने 500 मीटर रेस तथा वन लैप रोड रेस में बेहतरीन प्रदर्शन कर दो रजत पदक तथा तितिक्षा ने 500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक व वन लैप रोड रेस में रजत पदक हासिल कर अग्रिम पंक्ति में स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता एस आर एन इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें अनेक राज्यों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अब दीमाइरा और तितिक्षा अपनी इस शानदार उपलब्धि के दम पर सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप के अंतर्गत राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में उदयपुर और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता दिनांक 11 से 16 नवम्बर 2025 तक गुरुग्राम में आयोजित की जाएगी। छात्राओं के इस शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य संजय नरवरिया, उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# मेडिकल छात्रों के कंठ से निकले सुर, शतरंज में शह और मात

## राजकीय मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव में हुए कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव सरगम को लेकर संगीत नाइट आयोजित की गई। छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीमारियों का उपचार सीख रहे छात्रों के कंठ से सुर निकले तो श्रोता भी भाव-विभोर हो गए। महोत्सव के दौरान खेल प्रतियोगिताओं को लेकर भी छात्रों में उल्लास दिखा। आयोजन समिति के अनुसार संगीत संध्या के दौरान सुफी बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बैंड की प्रस्तुति ने वातावरण को संगीत से सराबोर कर दिया। डॉ.रीमा व्यास ने विशेष नृत्य प्रदर्शन कर दाद पाई। कार्यक्रम का समापन झंकार नाइट्स के साथ किया गया। इस दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। महोत्स्व के दौरान कला वर्ग में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने समूचा परिसर रंगीन कर दिया।

### कैरम में कोमल व अभिनव रहे अव्वल

महोत्स्व के तहत वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, शॉट पुट, लंबी कूद, शतरंज व कैरम प्रतियोगिताएं हुई। फुटबॉल में वर्ष-2022 के बैच ने जीत हासिल की। वहीं, कैरम के छात्रा वर्ग में कोमल जांगिड़ व छात्र वर्ग में अभिनव गुप्ता एवं शतरंज प्रतियोगिता में चंद्रप्रकाश विजेता रहे।

### 'इससे छात्रों में बढ़ती है नेतृत्व क्षमता'

समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. श्रवणकुमार मीणा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान डॉ. मलकेश मीणा, डॉ. मोहनलाल निठारवाल, डॉ. विष्णु बोराना, डॉ. विजयप्रकाश चौधरी, डॉ. जेपी कुमावत, डॉ. रविन्द्र खीची, डॉ. हनुमंतसिंह राणावत, डॉ. सुरेश बोराना, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ.निशा देवड़ा, डॉ. तृप्ति मीणा, डॉ.अनुपमा पाटने, डॉ.बलदेव सिंह, डॉ. सुमित, डॉ. देवेंद्र बसेरा, डॉ.सुनील बारूपाल, डॉ. रतनलाल चौधरी, डॉ. छगनलाल समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।

# पृथ्वी राणा वीर शिवा की अमिट विरासत वाले हैं, तुम्हें मुबारक रहे इंडिया, हम तो भारत वाले हैं

## खेरवाड़ा में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देर रात तक जम रहे श्रोता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जिले के खेरवाड़ा कस्बे के संयुक्त व्यापार महासंघ द्वारा नए बस स्टैंड परिसर में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

देश के विख्यात कवि बलवंत जैन बल्लू के मंच संचालन में संपन्न इस कवि सम्मेलन में देश भर के ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित हजारों श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

संयुक्त व्यापार महासंघ के संरक्षक पारस जैन एवं महामंत्री चिराग कोठारी ने बताया कि व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अमित कलाल के जन्मदिन पर एक शाम स्वदेशी के नाम आत्मनिर्भर भारत संकल्प



अभियान के तहत आयोजित इस सम्मेलन में इटावा उत्तर प्रदेश से आए कवि गौरव चैहान ने पृथ्वी राणा वीर शिवा की अमित विरासत वाले हैं तुम्हें मुबारक रहे इंडिया, हम तो भारत वाले हैं। कविता के माध्यम से श्रोताओं में देश प्रेम का जज्बा जागृत किया।

उदयपुर से आए प्रसिद्ध कवि राव अजातशत्रु ने खाने नहीं देंगे तुझे देंगे नहीं पीने टैरिफ क्या लगाएगा तू अमेरिका कमीने, 100 साल बाद सारी दुनिया कहती मिलेगी उस ट्रंप का हैंडपंप उखाड़ है हमीने। सुन कर श्रोताओं में हंसी की बयार छोड़ी।

कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि योगेंद्र शर्मा भीलवाड़ा, परवाना अजमेरी मथुरा, सुनील व्यास मुंबई, दीपिका माही चित्तौड़गढ़, लोकेश महाकाली नाथद्वारा, आदित्य जैन दिल्ली ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया।'

सांसद रावत का हुआ नागरिक अभिनंदन-समारोह में संयुक्त व्यापार महासंघ द्वारा खेरवाड़ा कस्बे के मध्य से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 48 पर एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य स्वीकृत कराने तथा इस हेतु 361 करोड़ की राशि के टेंडर जारी कराने पर उदयपुर सांसद डॉक्टर मन्नालाल रावत का नागरिक अभिनंदन किया गया।

समारोह में राज्य के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा, पूर्व विधायक नानालाल अहारी, पूर्व उप जिला प्रमुख सुंदरलाल भाणावत, पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर, डॉक्टर रजनी रावत व खेरवाड़ा सरपंच लक्ष्मी अहारी का व्यापार महासंघ अध्यक्ष अमित कलाल ,संरक्षक पारस जैन, महामंत्री चिराग कोठारी, उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल आदि ने मेवाड़ी पगडी बंधवाकर तथा ऊपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। समारोह का संचालन समाजसेवी हेमंत मेहता ने किया तथा आभार अध्यक्ष अमित कलाल ने ज्ञापित किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों से की वार्ता

## तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थायीकरण का मुद्दा पुरजोर से उठाया

बढ़ता राजस्थान

**चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत के नेतृत्व एवं अतिरिक्त प्रदेश मंत्री बसंत जिंदल के सानिध्य में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सुनील कुमार सिंघल तथा जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) रामनिवास शर्मा से शिक्षक समस्याओं को लेकर वार्ता की । जिलामंत्री रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश अतिरिक्त मंत्री बसंत जिंदल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को समय पर निस्तारण करने एवं समय-समय पर अधिकारियों एवं संगठन के पदाधिकारी के बीच वार्ता एवं संवाद के बारे में विस्तार



से चर्चा की। जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत ने सत्र 2022- 23 तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के स्थायीकरण, एसीपी प्रकरण एवं प्रतियोगी परीक्षा में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को पुरजोर से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की। सभाध्यक्ष मदन कुमार मीणा ने वीक्षक ड्यूटी के कार्मिकों को समय पर मानदेय से संबंधित समस्याओं एवं पोषाहार की विभिन्न समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने की बात रखी । जयपुर जिले के माध्यमिक शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर स्थायीकरण, एसीपी प्रकरण शीघ्र करने एवं वीक्षक ड्यूटियों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।


वार्ता में जिला महिला मंत्री सुनीता शर्मा, जिला संगठन महिला मंत्री भावना सक्सेना, उपाध्यक्ष विष्णु दत्त गोरासरा, महिला सचिव सपना राठौर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ग्राम पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने की। उन्होंने वंदे मातरम के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और स्वाभिमान का अमर प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने असंख्य युवाओं के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्योति प्रज्वलित की थी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस गीत के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में डॉ. पार्वती दीवान ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति श्रद्धा और निष्ठा का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की आत्मा को अभिव्यक्त करता है। वहीं डॉ. प्रवीण हटवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के युवाओं को राष्ट्र की प्रगति और एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों आकाश, दीक्षिता, मारिया, प्रमोद, अभिषेक और सुनील ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिवांशु ने किया। इस दौरान डॉ. नीरज कुमार मीणा, डॉ. ओमेश कुमार, दीपक कुमार, कुन्दन मीणा एवं सचिन सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कालाडेरा में शहरी सलाहकार समिति में तीन सदस्यों का हुआ मनोनयन





बढ़ता राजस्थान



**चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति (शहरी स्तरीय समिति) नगरपालिका कालाडेरा में गैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन पर सुशील शर्मा निवासी छीपो का मोहल्ला, कालाडेरा, कैलाश चंद कुमावत निवासी वार्ड नंबर 3 कालाडेरा और रजनी देवी निवासी कालाडेरा को मनोनीत किया गया है। सलाहकार समिति में मनोनीत सदस्यों को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने रामाज् रिसोर्ट का अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर /टोंक।** शनिवार को टोंक स्थित रामाज् रिसोर्ट पर ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर का दुप्पटा पहना के स्वागत किया गया ।

रामाज् रिसोर्ट के नये रिसोर्ट का अवलोकन किया गया । ओम बिरला ने अपनी टीम के साथ चाय नास्ता किया ।

रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर ने बताया कि ओम बिरला ने रिसोर्ट की खूब तारीफ़ और काफ़ी प्रशंसा भी की आपके यहाँ की मेहमाननवाजी और फ़ूड टेस्ट सभी लोगो को लुभाता है। नये प्रोजेक्ट रामाज पैलेस को देख कर ये बताया आप हेरिटेज शैली को बरकरार रख रहे हों। विदेश से आने वाले सैलानी और पर्यटको



के लिए एक मिसाल साबित होगी। जब कोई इस को विजिट करेगा तो लगेगा जयपुर की जगह अब टोंक रोड पर भी अच्छा डेस्टिनेक्शन वेडिंग के लिए काफ़ी अच्छा पैलेस है।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में शनिवार, 8 नवम्बर को अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तीन दिवसीय प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ 06 नवम्बर, गुरुवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता दीपक कोचर, उपनिदेशक सी.सी.आर.यू.एम, विशिष्ट अतिथि डॉ. यूनिस मुंशी, उपनिदेशक NRIUMSD, हैदराबाद एवं डॉ. बी. आर. मीणा, प्रभारी सहायक निदेशक क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बनीपार्क जयपुर ने की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. बी. आर. मीणा ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को विभिन्न राज्यो से यूनानी संस्थानों के अधिकारी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के लिये उनकी क्षमता निर्माण प्रोग्राम के तहत किया गया। जिससे कि उनकी कार्य में निपुणता एवं ज्ञान की वृद्धि हो सके तथा उनका कार्यालयों के दैनिक कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि 03 दिवसीय कार्यक्रम 6 से 8 नवम्बर तक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नफे सिंह, पूर्व उपनिदेशक , नई दिल्ली द्वारा पे- फिक्शेसन, वार्षिक वेतन वृद्धि एवं स्थापना से संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी दी। डॉ. आन्या बोरा, द्वारा मोटिवेशनल स्किल एवं लाईफ स्किल के बारे में जानकारी दी। अरविन्द अग्रवाल, सहायक लेखा अधिकारी द्वारा केन्द्रीय सेवा नियमावली की विस्तृत जानकारी दी।

विनोद सेंचा, कोर फेकल्टी द्वारा ई-ऑफिस एवं फाईल मेनेजमेंट की जानकारी दी एवं नितिन सारस्वत, मोटीवेटर द्वारा सभी को कार्य के प्रति मोटीवेट किया गया। राजीव माहेश्वरी, सहायक लेखा अधिकारी द्वारा जेम-पोर्टल के माध्यम से की जाने वाली खरीददारी के बारे में जानकारी दी।

# शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि, छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

## राष्ट्रगीत के 150वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया महोत्सव






बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। सवेरे शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

फिर वंदे मातरम का गायन किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी को सांसद लुंबाराम चौधरी व जिला प्रमुख अर्जुनराम ने रवानगी दी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नवीन भवन स्कूल में पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, एसडीएम हरिसिंह देवल, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, राजेंद्रकुमार पुरोहित, आशुतोष आचार्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

### रक्तदाताओं की कमी खली

उधर, जिला अस्पताल परिसर में लगाए गए रक्तदान शिविर को लेकर तामझाम तो पूरा किया गया, लेकिन रक्तदाताओं की कमी खली। शिविर में 13 यूनिट के आसपास ही रक्तदान हो सका। इसमें भी ज्यादातर यूनिट नर्सिंग छात्रों का रहा। वृहद स्तर पर किए जा रहे आयोजन और भाजपा की ओर से की गई पूरी तैयारी के बावजूद रक्तदाता नहीं जट पाए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांधा

वहीं, राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समां बांध दिया। स्कूली विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व कविता प्रस्तुति दी। बच्चों ने महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित वेशभूषा पहनकर प्रदर्शन किया गया। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। स्वदेशी संकल्प पत्र के बैनर पर हस्ताक्षर किए गए।

# नगर पालिका कपासन में विधि सलाहकार की हुई नियुक्ति



बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** कपासन -स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान द्वारा नगर पालिका कपासन में अधिवक्ता सुरेश शर्मा (सिंहपुर) को क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर कि अभिशंशा पर विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।इससे पूर्व सुरेश शर्मा नगर पालिका में विधि सलाहकार रूप में कार्य कर रहे थे।उक्त नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,भाजपा एससी मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,ग्राम सेवक सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,सोहनलाल कुमावत,तनीषा विजयवर्गीय आदि भाजपा पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर विधि सलाहकार सुरेश शर्मा का स्वागत किया एवं विधायक अर्जुनलाल जीनगर का आभार जताया।

# राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ने की आदेश पर पुनर्विचार की मांग

बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत )। अनूपगढ़ के राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी आदेश पर पुनर्विचार की मांग की है, जिसमें वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों को अपने विद्यालय के परीक्षा केंद्र के बजाय अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के निर्देश दिए गए हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण बारूपाल ने बताया कि यह व्यवस्था शहरी क्षेत्रों के लिए तो व्यवहारिक हो सकती है, जहां विद्यालयों की संख्या अधिक और दूरी कम रहती है, परंतु यह व्यवस्था ग्रामीण एवं सीमावर्ती जिलों जैसे जैसलमेर, बाड़मेर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर आदि के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत कठिन, असुविधाजनक एवं आर्थिक रूप से बोझिल सिद्ध होगी। प्रदेश महामंत्री सोहन जोहरम ने कहा कि इन क्षेत्रों में विद्यालयों की दूरी प्रायः 20 से 25 किलोमीटर या उससे अधिक है, परिवहन साधनों की कमी के कारण विशेष रूप से बालिकाओं एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए अन्य केंद्र तक पहुँचना चुनौतीपूर्ण रहेगा, जिससे उपस्थिति प्रतिशत, सुरक्षा एवं समान अवसर प्रभावित होने की संभावना है।

संगठन का मत है कि परीक्षा व्यवस्था पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, किंतु विद्यार्थी हित सर्वोपरि रहना चाहिए। ऐसे में विभाग से आग्रह कर आदेश पर पुनर्विचार कर ग्रामीण विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

# विधायक कोठारी ने विश्व स्काउट गाइड दिवस पर किया स्टीकर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** विश्व स्काउट गाइड दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विधायक अशोक कोठारी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड के विशिष्ट आतिथ्य में स्काउट गाइड का स्टीकर विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी ने स्काउट गाइड संगठन के अनुशासन, सेवा और संस्कारों की भावना की सराहना करते हुए कहा कि संस्कारित समाज के निर्माण में स्काउट गाइड का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि यह स्टीकर सामाजिक कार्यों और आदर्शों को प्रोत्साहित करने के साथ युवाओं को समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर सी.ओ. गाइड श्रीमती ओम कुमारी, कुड़ोज किड्स स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मधु बाला यादव सहित स्काउट-गाइड संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में विधायक कार्यालय के बाबूलाल टाक, संजय राठी, सुंदरलाल बम्बोड़ा, गजेंद्र सिंह सहित कई गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

# जिले में एनीमिया मुक्त मातृत्व की दिशा में एफसीएम प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** । जिले में गर्भवती और धात्री महिलाओं में एनीमिया (खून की कमी) की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से शनिवार को एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) इंजेक्शन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आईएमए हॉल, भीलवाड़ा में किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 17 से 30 नवम्बर तक चलने वाले 'एफसीएम पिंक पखवाड़ा' की तैयारी के तहत आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में राज्यस्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अरुण पुरोहित और रविन्द्र टेलर ने एफसीएम इंजेक्शन के सुरक्षित व प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान एनीमिया के लक्षण, कारण, रोकथाम, रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा गुणवत्ता प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, एलटी, एएनएम, सीएचओ एवं आशा सहयोगिनियां उपस्थित रहीं।

# छात्राओं ने सीखे स्वरोजगार के गुर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यशाला में डॉ. दीपाली लाल, डॉ. एम.एल. शर्मा, डॉ. रविन्द्र टेलर, डॉ. नीलम लोढ़ा और लवीना ज्ञानचंदानी ने छात्राओं को स्वरोजगार, नवाचार, सरकारी योजनाओं, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की जानकारी दी।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का वृंदा विहार वाटिका में आयोजन किया गया।उक्त उल्लास कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र कपासन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लास नवभारत कार्यक्रम प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा व सहप्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ आरपी सत्यप्रकाश जोशी,महेंद्र कुमार चाष्टा आदि गणमान्यजनों द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा ने प्रदेश साक्षरता प्रभारी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा उल्लास कार्यक्रम की प्रगति संबंधी विस्तृत के बारे में जानकारी दी।साथ ही शिक्षाधिकारी शर्मा ने बताया कि उक्त उल्लास नवभारत कार्यक्रम में कपासन ब्लॉक चितौड़गढ़ में प्रथम स्थान पर रहा। प्रदेश साक्षरता प्रभारी रमेशचंद्र पुष्करणा ने बताया की राजस्थान में समस्त असाक्षरों को साक्षर बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है।ब्लॉक साक्षरता समन्वयक अनिल पंचोली ने बताया कि 2011 की जनगणना अनुसार भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों की संख्या 25.76 करोड़ है, जिसमें पुरुष 9.08 व महिला 16.68 करोड़ है।दक्ष प्रशिक्षक सुरेश कुमार ने 2022-27 हेतु आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मकता का लक्ष्य एक करोड़ शिक्षार्थियों की दर से कुल 5 करोड़ शिक्षार्थियों का बताया।दक्ष प्रशिक्षक राजेंद्र यादव ने सीपीआर,कानून एवं विधि संबंधी साक्षरता,जितेंद्र कुमावत आईटीआई शिक्षक ने व्यावसायिक कौशल,दक्ष प्रशिक्षक जगदीश सुथार ने जीवन रक्षक प्रणाली व सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं समाधान संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। इस उल्लास नवभारत साक्षरता आमुखीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला में जिला सहायक परियोजना अधिकारी तेजपाल सिंह,राष्ट्रीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष पूरणमल,ब्लॉक क्षैत्र कपासन के समस्त पीईईओ,विद्यालयों के साक्षरता प्रभारी,सर्वेयर सहित कुल 165 शिक्षक उपस्थित रहे।

**कानून मंत्री और चिकित्सा मंत्री मंत्री ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा**

# विकास के लिए रिंग रोड जरूरी, डीपीआर जल्द बनाकर शुरू करें कार्य : मेघवाल

बढ़ता राजस्थान




**अनूपगढ़/बीकानेर, (डी एल सारस्वत )।** केंद्रीय क़ानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने शुक्रवार दोपहर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार की वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की समीक्षा की। इस दौरान श्री मेघवाल और श्री खींवसर ने दोनों वर्ष की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए जमीन आवंटन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां जमीन का आवंटन हो गया है वहां कार्य जल्द पूरा करें। साथ ही कई बजट घोषणाओं में अब तक जमीन का आवंटन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

## शहर तभी विकास करता है जब रिंग रोड बने

इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि किसी भी शहर के विकास के लिए रिंग रोड़ बनाना जरूरी है। शहर तभी विकास करता है जब रिंग रोड़ बने। मेघवाल ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से उदयरामसर से नाल और नाल से श्रीगंगानगर बाईपास तक बनने वाली रिंग रोड़ की जानकारी ली तो पीडब्ल्यूडी एसई श्री ओ पी मण्डार ने बताया कि एनएच पीडब्ल्यूडी 39 लाख की लागत से डीपीआर बना रहा है। 15 अप्रैल 2027 तक डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगी।

**सडक़ सुधार, सूरसागर जीर्णोद्धार, पब्लिक पार्क गेट ठीक करने को लेकर मांगा जवाब:** बैठक में बीकानेर पूर्व विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी ने शहर में सडक़ सुधार, सूरसागर जीर्णोद्धार, पब्लिक पार्क गेट ठीक करने और शास्त्री नगर में नाला निर्माण मामला उठाने पर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में बीकानेर पूर्व विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, श्रीमती सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया, एसपी ॉ कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक मनीष, बीडीए कमिश्नर ॉअपर्णा गुप्ता, सीईओ जिला परिषद श्री सोहनलाल, एसडीएम बीकानेर आईएएस सुश्री महिमा कसाना, एडीएम प्रशासन श्री सुरेश कुमार यादव, एडीएम सिटी श्री रमेश देव समेत सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बजट घोषणाओं को अधिकारी करें फोलो

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण बजट घोषणाओं का खुद फोलो करें ताकि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द हो सके। जिला अस्पताल नोखा को लेकर जमीन आवंटन मामला अटका होने पर उन्होंने बीच का रास्ता निकालते हुए जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयपुर के स्तर पर कोई भी मामला अटका हो तो संबंधित विभाग इसकी जानकारी दें ताकि उसका जल्द निस्तारण करवा सकें। उन्होने नाल पीएचसी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

**751 किलो लापसी व एक ट्रक हरा चारा वितरित**

# विमल देवी मकाणा पुण्य स्मृति पर लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल द्वारा की गौ सेवा



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में स्वर्गीय विमल देवी मकाणा की पुण्य स्मृति पर लाभार्थी गौतम चंद एवं मनीष कुमार मकाणा परिवार द्वारा आज गौ सेवा के तहत 751 किलो लापसी व एक ट्रक हरा चारा गौशालाओं में वितरित किया गया मंडल अध्यक्ष राजू भाई सेठिया ने बताया कि संस्था सदैव समाजसेवा के लिए तत्पर रहती है।

शीघ्र ही सर्दी के मौसम में असहाय व निर्धन जनों के लिए कंबल, मौजे व स्वेटर वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा लापसी निर्माण में मंत्री संजय चोरडिया सहित मंडल के सेवकों का विशेष योगदान रहा यूथ संगठन अध्यक्ष बृजेश साहू ने कहा कि "पुण्य स्मृति या जन्मदिवस जैसे अवसरों पर सेवा कार्य करना ही जीवन का सच्चा अर्थ है — निस्वार्थ सेवा ही सफलता का आधार है।"कार्यक्रम में गौतम मकाणा, दुलीचंद मकाणा, रविंद्र मकाणा, प्रकाश मकाणा, प्रिंस मकाणा, उर्मिला मकाणा, मधु मकाणा, मंजू देवी, बेबी, पार्वती बाई, साथ ही राजू भाई सेठिया, संजय चोरडिया, रमेश बाकलीवाल, हस्तीमल संचेती, जसवंत कोठारी, गौतम कोठारी, संजय खटोड़, महावीर नाहर, अजीत कावडिया, बबलू कच्छावा, महावीर लुणावत, सुरेंद्र लुणावत, रौनक कांवरिया, सौम्या लुणावत, प्रांजल कावडिया, बसंती देवी तथा ब्यावर यूथ संगठन अध्यक्ष बृजेश साहू सहित अनेक सेवक उपस्थित रहे।

# अनूपगढ़ में विप्र प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह 9 नवम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत )।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा शाखा अनूपगढ़, भगवान परशुराम लोक सेवक कल्याण मंच एवं ब्राह्मण नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विप्र प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन आज 9 नवम्बर रविवार को होगा। यह समारोह सुबह 10.15 बजे व्यापार मंडल अनूपगढ़ में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद पारीक ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नंदकिशोर पुरोहित करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष केसरीचंद भंवर लाल शर्मा(सरदारशहर) शिरकत करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भामाशाह पवन कुमार गौड, रिटायर्ड एएसपी राम गोपाल पारीक, भामाशाह देशराज शर्मा, भामाशाह व समाजसेवी विजय मुद्गल, ब्राह्मण महासभा अनूपगढ़ के संरक्षक नरेन्द्र भारद्वाज एवं हरिशंकर ठाकरानी, अनूपगढ़ डीएसपी प्रशांत कौशिक, राजस्थान ब्राह्मण महासभा हनुमानगढ़ के अध्यक्ष प्रदीप ऐरी, सारस्वत ब्राह्मण महासभा श्रीगंगानगर अध्यक्ष नरेश शर्मा, डॉ. रूप लाल शर्मा तथा वैजयंती शर्मा (प्रधानाचार्य एवं जिला प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति, श्रीगंगानगर) शामिल होंगे।

# विधायक अशोक कोठारी और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता ने किया बस का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** रोटरी क्लब भीलवाड़ा ने अपने सामाजिक दायित्वों की श्रृंखला को मजबूत करते हुए शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवा संस्थान को मरीजों और स्टाफ के आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक नई यात्री बस समर्पित की।

रोटरी फाउंडेशन के सहयोग से दान की गई यह बस अब दूर-दराज के मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। क्लब के अध्यक्ष संजय हिरण ने बताया कि यह बस भेंट क्लब के दीर्घकालिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका मुख्य उद्देश्य परिवहन सेवा को सुगम बनाकर सामुदायिक कल्याण को गति देना है। पुर रोड स्थित होटल में सुबह 11 बजे आयोजित इस भव्य बस डोनेशन समारोह में विधायक अशोक कोठारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रोटरी के इस प्रयास की हृदय से सराहना की।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता और असिस्टेंट गवर्नर एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय जैन भी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि रोटरी भीलवाड़ा हमेशा उस तबके के लिए काम करता है, जिसे सबसे ज्यादा सहायता की आवश्यकता होती है, और यह बस भेंट मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। क्लब के अध्यक्ष संजय हिरण और सचिव सिद्धार्थ गोयनका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का मंच संचालन सीमा कोगटा ने बेहद कुशलतापूर्वक किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

**वंदे मातरम 150 -राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर ब्यावर में गूंजा देशभक्ति का स्वर**

# कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि, रैली, रंगोली प्रतियोगिता व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान




ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को ब्यावर में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह स्मारक पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। स्मारक स्थल को देशभक्ति के रंगों से सजाया गया, जहां अधिकारियों, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों ने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रगीत के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

इसके बाद कलेक्टर कार्यालय से चांग गेट तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। रैली में अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया रैली के पश्चात पी.एम. श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक रूप से वंदे मातरम और राष्ट्रगान का गायन किया गया। विद्यालय में वंदे मातरम : एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को जीवंत किया मुख्य संबोधन में जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान 12 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इनमें कंवरी देवी (पति पूरन सिंह), रईसा बानो (जान मोहम्मद), सेना देवी (हनुमान सिंह), भंवरी देवी (शहीद अमर सिंह), अमीना बानो (शहीद फुल काठात) सहित कुल 12 परिजन शामिल रहे।अंत में उपस्थित जनसमूह ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष के साथ राष्ट्र भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, स्काउट-गाइड सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ. गर्ग ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में की शिरकत

## लकी चौधरी को कॉलेज शिक्षा का असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त होने पर किया अभिनन्दन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की और कार्यालय पर जन सुनवाई की और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। डॉ. गर्ग ने शनिवार को दौरे के दौरान खेडली गडासिया निवासी अमृतलाल गडासिया की सुपुत्री लकी चौधरी के कॉलेज शिक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त होने पर अभिनन्दन कर शुभकामनायें दी। डॉ. गर्ग ने उनके द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी शिरकत की।

# कैलादेवी झील में हजारों भक्तों ने पाई अन्नकूट प्रसादी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शनिवार को आस्था शक्तिपीठ श्री कैलादेवी झील का वाडा परिसर में श्री कैलादेवी क्षेत्र विकास संस्थान ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट महोत्सव प्रसादी का आयोजन हुआ। मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा एवं विष्णु लोहिया ने बताया कि इस अवसर पर कैलादेवी को मोती जडित नई पोशाक धारण कराई गई एवं फूल माला से श्रृंगार हुआ। संस्था की धर्मशाला में 56 भोग की झांकी सजाई गई। मां का खीर, पूआ, कढी, बाजरा, चावल, लडडू, मिक्स सब्जी, फ्राइम एवं हलुआ चना एवं फलों का भोग लगाकर पंगत प्रसादी खिलाई गई। दोपहर तीन बजे बाद प्रसादी दौना में वितरित की गई। हजारों भक्तों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर विशेष सहयोग करने के लिए वी.के. गुप्ता एवं धर्मपत्नि श्रीमति विमलेश एवं अन्य परिवारीजनों का पटका पहनाकर एवं माता रानी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राधाकृष्ण विंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल, उपाध्यक्ष महेश सर्राफ कोषाध्यक्ष विष्णु लोहिया, महेश अग्रवाल आढतिया, प्रहलाद गोयनका, किशन स्वरूप शर्मा, प्रेम गोयल, राधाकृष्ण आढतिया, आलोक बंसल, विनोद मेडीकल, गोविन्द शर्मा, श्रीमति हेमलता गोयल, श्रीमति इन्दिरा, श्रीमति शीला मित्तल, विनय चौधरी, मुकेश बूरे वाले, युवराज शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों का किया स्वागत, सम्मान कर उत्साहवर्धन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 जीआईएमटी महाविद्यालय के सौजन्य से बाबा जिम कुम्हेर रोड पर आयोजित हुई। जिसमें सैकडों खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं राज्य क्रीडा परिषद द्वारा नियुक्त लोहागढ स्टेडियम में पावरलिफ्टिंग कोच पूनम शर्मा द्वारा प्रशिक्षित खिलाडियों ने भी भाग लिया। जिसमें एम.एस.जे. कालेज के खिलाडी ईशांत ने अपने भार 74 किलो में स्वर्ण पदक, सौरभ ने 66 किलो में स्वर्णपदक व दीपक ने अपने भार 84 किलो में कांस्य पदक, वहीं अग्रसेन महाविद्यालय भरतपुर की छात्रा वर्ग में दीपिका ने 74 किलो में स्वर्णपदक, 52 किलो में ज्योति ने कांस्य पदक व दीपिका द्वितीय ने अपने भार में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कुल 7 छात्र एवं छात्रा खिलाडी विजेता रहे। पूनम शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा प्रशिक्षित छात्र खिलाडी दीपक ने अपने भार 86 किलो केटेगरी में वेट लिफ्टिंग में भी रजत पदक प्राप्त कर भरतपुर का नाम रोशन किया है। पूनम ने कहा कि उपरोक्त सभी विजेता खिलाडियों का चयन आगामी होने वाली ऑल इंडिया यूनीवर्सिटी चैम्पियनशिप-2026 चैन्नई में चयन हुआ है । पूनम शर्मा द्वारा प्रशिक्षित 4 खिलाडी पूर्व में भी कश्मीर में आयोजित हुई अंतर विश्वविद्यालय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में भी भाग ले चुके हैं। इस उपलब्धि पर भरतपुर की खेल प्रेमी एवं महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त सभी खिलाडियों का स्वागत एवं सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया।

# लिफ्ट देने के बहाने विधवा महिला से रेप, आरोपी ने घर ले जाकर दिया वारदात को अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बयाना में लिफ्ट देने के बहाने एक विधवा महिला को घर ले जाकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी और पीड़िता एक ही गांव के रहने वाले हैं। 2 दिन पुरानी घटनाओं को लेकर पीड़िता ने शनिवार दोपहर बयाना कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफरेप का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपी की तलाश शुरू की है। पुलिस के अनुसार, गढ़ी बाजना थाना इलाके के एक गांव की 35 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति की 10 महीने पहले मौत हो गई थी। वह फिलहाल भीलवाड़ा की एक धागा फैक्ट्री में मजदूरी करती है। पीड़िता ने बताया कि गत 2 नवंबर को वह अपने ननद की बेटी की शादी में धौलपुर जिले के बसेड़ी गई थी। जहां से वह 6 नवंबर को वापस आई थी। शाम करीब 6 बजे बयाना से गांव जाने के लिए वाहन के इंतजार में पुरानी चुंगी के पास बैठी हुई थी।

# सभी युवा प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़े- डॉ शैलेश सिंह

## वंदे मातरम की गूंज और सरदार का लौह संकल्प के साथ विधायक डॉ. शैलेश सिंह के नेतृत्व में एकता मार्च में उमड़ा अभूतपूर्व जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** भारत के इतिहास के दो स्वर्णिम अध्यायों राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष और अखंड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अभूतपूर्व संगम पर शनिवार को जलमहलों की नगरी डीग में भाजपा विधायक डॉ. शैलेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं ओजस्वी नेतृत्व में, जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एकता मार्च में हज़ारों का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसने एकता और राष्ट्रप्रेम का एक नया इतिहास रच दिया।

जिला स्तरीय मुख्य एकता मार्च का आगाज़ नेहरू पार्क से हुआ, जहाँ विधायक डॉ. शैलेश सिंह, भाजपा की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा और एसटी कमीशन के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र मीणा ने तिरंगा ध्वज दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। यह मार्च मेला मैदान, सिंह पोल गेट, पुरानी अनाज मण्डी, लक्ष्मण मन्दिर, मैन मार्केट, लौहा बाजार, नई सड़क, अस्पताल होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पहुँचा। जहां विधायक और अन्य अतिथियों द्वारा अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

मार्च में भारत स्काउट गाईड, एन.एस.एस., महाविद्यालयों व विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, राजकीय कार्मिकों और आमजन ने भाग लिया।

पूरा शहर वंदे मातरम, भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहें के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। मार्च का समापन पुनः नेहरू पार्क में एक विराट सभा के रूप में हुआ।

### सरदार पटेल ने रियासतों को नहीं, भारत की आत्मा को जोड़ा

इस अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शैलेश सिंह ने अपने प्रखर उद्बोधन में कहा कि आज हम दो महापुरुषों को एक साथ याद कर रहे हैं। एक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, जिन्होंने आनंदमठ में वंदे मातरम का वह महामंत्र दिया, जिसने आज़ादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। दूसरे हमारे लौह पुरुष सरदार पटेल, जिन्होंने उस आज़ादी को अक्षुण्ण बनाया। समारोह को एसटी कमीशन के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ . जितेन्द्र मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने भी सम्बोधित किया। मार्च से पूर्व एन .एस .एस . स्वयंसेवकों ने नेहरू पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं जिला चिकित्सालय डीग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिले के समस्त विद्यालयों व महाविद्यालयों में चित्रकला, निबंध लेखन व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एक स्थान, एक समय, एक गीत- वंदे मातरम की थीम पर ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सामूहिक गायन और यात्राएं निकाली गईं।

# यमराज ने सिखाया वाहन चालकों को यातायात नियम का सबक

## परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गुलाब बाग ट्राफिक पॉइंट पर यातायात नियमों को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि यातायात पुलिस के सहयोग से सकल दिगंबर जैन समाज व यूटॉवर्स के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें यमराज स्वयं चित्रगुप्त के साथ सड़क पर उतरे और वाहन चालकों को यातायात नियम का सबक दिया। उन्होंने यातायात नियमों की पालना न करने वाले चालकों को रोककर उन्हें हिदायत दी कि यदि वे यातायात नियमों की पालना नहीं करेंगे तो परलोक में मिलेंगे। यमराज ने कहा कि प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है जिस जागरूकता के माध्यम से काम किया जा सकता है। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक हेमंत शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाएं कराई गई।

जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वाहन चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। उनसे अपील की गई कि वह जब भी वहां चलाएं यातायात नियमों का पालन करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों के जीवन का भी ध्यान रखें। विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर यमराज के रूप में बनवारी जैन, चित्रगुप्त के रूप में विमल जैन, यूटयुबर्स शहनाज खान, जफर मोहम्मद, इम्तियाज खन ,फैजान ख़ान व राहुल खान ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## नष्ट करवाई 400 किलोग्राम दूषित बर्फी, खाद्य पदार्थो के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम द्वारा बद्री प्रसाद दिनेश चंद्र मावा भंडार पुराना बस स्टैंड धौलपुर से पनीर एवं मावे के नमूने लिए, गुरु कृपा मिष्ठान भंडार पुराना बस स्टैंड धौलपुर से पनीर एवं मावा के नमूने लिए, आर बी फूड प्रोडक्ट्स जलालपुर तहसील मनिया से बर्फी, स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं सूजी के नमूने लिए साथ ही 400 किलोग्राम दूषित बदबूदार बर्फी को गद्दा खुदवा कर नष्ट करवाया गया। 125 किलो मिल्क पाउडर अग्रिम कार्रवाई हेतु जप्त कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई।

# भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी से बीच सड़क मोबाईल छीनकर ले गए बदमाश

## स्कूटी में लात मारकर गिराने का भी प्रयास, घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की पुराना बाजार निवासी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सतीश प्रजापति से सरमथुरा रोड़ पर बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा मोबाइल छीनने की वारदात का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित पदाधिकारी द्वारा अपनी स्कूटी से बाइक सवार युवकों का पीछा भी किया गया लेकिन तेज गति से दोनों बाइक सवार बदमाश कुछ ही समय में गायब हो गए। घटना को लेकर पीड़ित सतीश प्रजापति ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के पुराना बाजार निवासी बारह भाई मेला कमेटी



के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सतीश प्रजापति पुत्र दानसिंह प्रजापति के साथ यह वारदात हुई है। घटना को लेकर पीड़ित सतीश प्रजापति ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे के करीब वह सरमथुरा रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पास अपने खेतों से वापस अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान अचानक उनके मोबाइल पर फोन आ गया। जिसको उन्होंने चलते हुए ही स्कूटी पर अटेंड कर लिया। इस दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके मोबाइल को छीन लिया और स्कूटी में लात देकर गिराने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने स्कूटी को जैसे-तैसे संभाल लिया लेकिन बदमाश भाग निकले। उन्होंने दोनों बाइक सवार बदमाशों का पीछा भी किया।

महाराज बाग टाउन चौकी के सामने से निकलते हुए दोनों बदमाश बाजार में आकर अंबेडकर सर्किल के पास उनकी आंखों से ओझल हो गए।

घटना को लेकर पीड़ित सतीश प्रजापति ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें अपना मोबाइल नंबर लिखने के साथ,1 प्लस कंपनी के एंड्राइड मोबाइल के दो बदमाशों द्वारा लूट कर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीजेपी की नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लूट की वारदात अब आमजन के साथ भाजपा पदाधिकारी के साथ हुई है जो कतई बर्दाश्त नही है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीसी लेकर 90 प्रतिशत मैपिंग पूरी करने के दिये निर्देश

## स्वच्छ एवं त्रृटि रहित मतदाता सूची के लिए एसआईआर महत्वपूर्ण- जिला निर्वाचन अधिकारी

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ द्वारा वितरण किये जा रहे गणना प्रपत्र की प्रगति 35 प्रतिशित करने एवं गत एसआईआर 2002 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग 90 प्रतिशित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने लक्ष्य निर्धारित किये। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर शनिवार को वीसी के माध्यम से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं त्रृटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए एसआईआर महत्वपूर्ण इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं



बरते, चुनाव आयोग की मंशा के अनुसार पारदर्शिता से कार्य करते हुए लक्ष्यों को प्रतिदिवस पूरा करें। उन्हाहोंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को की मैपिंग के साथ एसआईआर के बारे में जागरूक भी करें जिससे आम मतदाता सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, बीएलओ-सुपरवाइजर गणना प्रपत्र की प्रगति 35 प्रतिशित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर 2002 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग 90 प्रतिशित तक लक्ष्य करें जिसके लिए आम मतआताओं का सहयोग भी लें। उन्होंने प्रत्येक बीएलओ को 30 प्रतिशित गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भरवाने के निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुपरवाइजरी ऑफिसर, ईआरओ, एईआरओ को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किये।

# शरद महोत्सव में बड़ा हादसा टला, दुकानदारों पर गिरी 12 फीट ऊंची दीवार, मलबे में 4 दबे



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शरद महोत्सव मेले में शुक्रवार को दीवार ढह गई, जिसमें चार जने दब गए, जिन्हें रैफर किया गया है। मेला ग्राउंड में बिजली विभाग से लगी लगभग 70 फीट लंबी और 12 फीट ऊंची पत्थर की दीवार अचानक से भरभराकर ढह गई। जिसके सहारे बैठे 4 दुकानदार मलबे में दब गए। संयोग से हादसा सुबह लगभग 6.30 बजे हुआ। अगर शाम होतो मेलार्थी भी चपेट में आ सकते थे। दीवार के गिरते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। थोड़ी देर बाद जिला कलेक्टर और एसडीएम भी घटना स्थल पर पहुंच गए। ढही दीवार के मलबे को जेसीबी की सहायता से हटवाया गया। जिसके बाद मलबे में दबे दुकानदारों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा सका। हादसे में 65 वर्षीय कासिम उमर पुत्र हमीद, 30 वर्षीय गुरनवास, 60 वर्षीय अब्दुल सलाम पुत्र रहमतुल्ला निवासी मेरठ तथा 40 वर्षीय आस मोहम्मद उमर पुत्र यामीन निवासी शामली यूपी घायल हुए हैं। जिन्हें धौलपुर जिला अस्पताल से हायर सेंटर रैफर किया गया हैं। अधिकारियों का मानना हैं कि बारिश के कारण दीवार कमजोर पड़ गई थी, जिस कारण पत्थर की दीवार ढही। अगर यह हादसा मेला भरने के बाद होता तो बड़ी घटना घट सकती थी।

# पारिवारिक विवाद सुलझाने गए युवक की पिटाई से मौत

## इलाज के दौरान दम तोड़ा, 11 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में एक पारिवारिक विवाद सुलझाने गए युवक की मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई।

यह घटना 6 नवंबर की शाम को हुई, जबकि युवक ने 7 नवंबर को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 6 नवंबर को रामनरेश की बेटी



तुलसा के साथ उसके पति और ससुराल वालों ने झगड़ा किया था। विवाद की सूचना मिलने पर तुलसा के पिता रामनरेश, उनके भाई राजू (पुत्र मोहर सिंह) और दो परिचित (पुष्पेंद्र व अमरेश) विवाद सुलझाने के लिए धौलपुर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम मिलकन स्थित तुलसा के ससुराल पहुंचे।

शाम करीब 7 बजे जब वे बातचीत कर रहे थे, तभी रणधीर पुत्र रामखिलाड़ी, रामखिलाड़ी पुत्र नामालूम, अनारदेवी पत्नी रामखिलाड़ी, रामफूल पुत्र रामखिलाड़ी, कलावती पत्नी रामफूल, बंटू, नेहनी, वीरी, दिवारीलाल, रामनरेश, रिकेश और मुन्ना सहित अन्य लोगों ने अचानक लाठी, सरिया और डंडों से हमला कर दिया।

इस हमले में रामनरेश और राजू गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद पुष्पेंद्र और अमरेश ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों घायलों को तत्काल धौलपुर अस्पताल पहुंचाया गया।

राजू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भरतपुर और फिर जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां 7 नवंबर को उसकी मौत हो गई।

# बाबा धरर्थरीनाथ आश्रम में 15वां वर्षोदी महोत्सव 9 नवम्बर को, भव्य कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** पुरानी पाथरेड़ी स्थित बाबा धरर्थरीनाथ आश्रम, भुतेश्वर मंदिर परिसर में आगामी 9 नवम्बर 2025, रविवार को श्री श्री 1008 बाबा धरर्थरी नाथ जी महाराज का 15वां वर्षोदी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर ओगड़ पीर राजूनाथ बर्फानी बाबा का पावन सानिध्य मिलेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी महोत्सव में भक्तों के लिये विशाल भण्डारा, भजनों का आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि भक्तजन अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और भक्ति एवं भजनों का रसपान करें। इस अवसर पर दोपहर 12-15 बजे से भण्डारा प्रसादी व प्रातः 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सीताराम महासी पाथरेड़ी वाले एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किये जायेंगे।

# उर्दू टीचर तोहिद फातिमा बेस्ट उर्दू टीचर नेशनल अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** महात्मा गांधी विधालय पचपहाड़ की उर्दू अध्यापिका तौहीद फातिमा निवासी एकता नगर भवानीमंडी को महाराष्ट्र राज्य के कोल्हापुर जिले के जयसिंहपुर में शानदार स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन एन.जी.ओ. की और से एम.जी. पटेल बेस्ट उर्दू टीचर नैशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

अवार्ड प्रोगाम की अध्यक्षता राष्ट्रपति सम्मानित बुजुर्ग एम.जी. पटेल द्वारा कि गयी। प्रोगाम के मुख्य अतिथि इम्तियाज खलील एवं विधायक राजेन्द्र प्रसाद रेटरावकर रहे। प्रोगाम में भारत के अलग अलग राज्यों लद्दाख, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलगाना कर्नाटक, केरल, हैदराबाद, महाराष्ट्र आदि से बेस्ट 25 उर्दू टिंचर को सम्मानित किया गया जिसमें इस एन. जी. ओ. का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के कर्तव्यनिष्ठ, निष्ठावान बेस्ट उर्दू टिचर्स को सम्मानित कर उनको प्रोत्साहित करना है।

# विद्या भारती ने शिक्षा मंत्री को अंतरराष्ट्रीय कॉफी टेबल बुक भेंट की



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान कोटा के पदाधिकारियों ने शनिवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने विद्या भारती द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय कॉफी टेबल बुक भेंट की। जिसमें संगठन की शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में दीर्घकालिक यात्रा और उपलब्धियों का विस्तृत चित्रण किया गया है। भेंट के दौरान विद्या भारती के प्रांत सह मंत्री विमल जैन और जिला सचिव सतीश कुमार गौतम ने शिक्षा मंत्री को संगठन के राष्ट्रीय स्वरूप, शैक्षिक गतिविधियों, सांस्कृतिक पहलों एवं सामाजिक योगदान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह कॉफी टेबल बुक विद्या भारती के कार्यों की वैश्विक पहुंच और भारतीय मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली के प्रसार को दर्शाती है। दिलावर ने विद्या भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था देश के शिक्षा क्षेत्र में भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति के संवाहक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने विद्या भारती के सभी पदाधिकारियों को इस पहल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सतत प्रयासों की सराहना की। यह भेंट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा के स्वदेशी स्वरूप को विश्व पटल पर स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक संदेश थी।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला राजःकई घंटे पहले ही रोक दी गयी थीं ज्योति और पलक की सांसें

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** आरकेपुरम थाना क्षेत्र के आंवली रोजड़ी इलाके में मां-बेटी की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ज्योति वैष्णव (32) और उसकी बेटी पलक (8) की मौत शुक्रवार दोपहर करीब 12 से 2 बजे के बीच हो चुकी थी, जबकि उन्हें रात करीब आठ बजे अस्पताल ले जाया गया।

यानी शव कई घंटे तक घर में ही पड़े रहे। डीएसपी पंचम मनीष शर्मा ने बताया कि दोनों की मौत गला घोंटने से हुई है। मृतका का पति भगवान वैष्णव, जो एक निजी अस्पताल में नर्सिंगकर्मी है, उस समय ड्यूटी पर मौजूद था। पुलिस ने पति, परिजनों और आस-पास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।जांच टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं, साथ ही इलाके के सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं।

प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर शक के घेरे में कई लोग हैं। मृतका के भाई प्रशांत वैष्णव की रिपोर्ट पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच अनंतपुरा थाना अधिकारी भूपेंद्र चारण के सुपुर्द की गई है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच जारी है।

# 56 तरकारी का भोग लगा मनाया अन्नकूट लगाये गिरीराज धरण के जयकारे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था द्वारा इन्द्रविहार स्थित रीको सामुदायिक भवन में 29वां अन्नकूट महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की थीम स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ, पेड़ लगाओ मानव बचाओ, संस्कारित रहो-संस्कारवान बनो रही।

कार्यक्रम में न्यायाधीश बीना गुप्ता, शिक्षाविद महेश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। भगवान गिरीराज धरण और सालासर बालाजी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं तथा 56 प्रकार की तरकारी और 15 प्रकार के फलों का भोग लगाया गया। भजनों और नृत्य प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महोत्सव में 462 लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. विष्णु सिंघल व टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांचें कीं। कार्यक्रम में भामाशाहों व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर तेजस्वनी गौतम द्वारा आज थाना कैथूनीपोल पर विशेष जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई विशेष रूप से थाना कैथूनीपोल, कोतवाली, मकबरा, किशोरपुरा और गुमानपुरा क्षेत्र के परिवादियों के लिए रखी गई थी। कार्यक्रम प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक चला, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने स्वयं आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर वृताधिकारी वृत प्रथम व तृतीय, तथा उपरोक्त थानों के थानाधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर के बीचों-बीच मल्टीपरपज स्कूल परिसर में बिना अनुमति कंस्ट्रक्शन सामग्री का अड्डा

# विद्यालय परिसर बना डंपिंग यार्ड, छात्रों की जान खतरे में

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर के हृदय स्थल गुमानपुरा स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम, मल्टीपरपज) में नौनिहालों की सुरक्षा पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। विद्यालय परिसर को ठेकेदारों ने डंपिंग यार्ड बना दिया है, जहां बिना अनुमति के निर्माण सामग्री का अंबार लगा हुआ है और दिन-दोपहर भारी वाहन बेरोकटोक दौड़ते हैं। मौके पर मौजूद ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधि विनोद ने बताया कि यह मटेरियल लक्ष्मी माहेश्वरी द्वारा डलवाया गया है। परमिशन के नाम पर केवल प्रिंसिपल से मौखिक सहमति होने की बात कही गई। परिसर का उपयोग करने के बदले स्कूल स्टाफ और बच्चों को कभी-कभी सहायता देने के चलते किसी ने विरोध नहीं किया।



### सरकारी नियमों का उल्लंघन

राजस्थान सरकार ने सरकारी विद्यालय परिसरों में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि, शादी समारोह या निर्माण सामग्री रखने पर सख्त रोक लगा रखी है। इसके बावजूद विद्यालय परिसर में वर्षों से ठेकेदार द्वारा अतिक्रमण किया गया है। यहां रेत, गिट्टी, ईंट, जनरेटर, पानी के टैंकर, रोड रोलर, ट्रक और डंपर जैसे भारी वाहन खड़े रहते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों और नान्ता से डंपरों द्वारा लाई गई सामग्री यहां स्टोर की जाती है और शहर में चल रहे कार्यों में ट्रैक्टरों के माध्यम से भेजी जाती है।

स्कूल समय में भी अवैध गतिविधि

स्कूल के समय में भी मुख्य गेट से माल भरने और ले जाने का सिलसिला जारी रहता है। इससे बच्चों और अभिभावकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है।

बिना कागज़ के दौड़ते भारी वाहन

मौके पर मौजूद वाहनों से जब अनुमति के बारे में पूछा गया तो ड्राइवर ने कहा हम तो बरसों से आते-जाते हैं, किसी ने नहीं टोका। आप कौन होते हो पूछने वाले। जांच में कई वाहनों के रजिस्ट्रेशन और फिटनेस पेपर अधूरे या समाप्त मिले। ऐसे में यदि कोई हादसा होता है तो वाहन मालिक और चालक कागज़ों की कमी का फायदा उठाकर बच सकते हैं।

### प्रिंसिपल ने पल्ला झाड़ा

विद्यालय प्रिंसिपल आशुतोष माथुरिया से पूछे जाने पर पहले उन्होंने मामले से अनभिज्ञता जताई। चार दिन बाद फिर पूछने पर कहा कि हमें पीछे के हिस्से से कोई मतलब नहीं, हम केवल विद्यालय के अंदर की बात कर सकते हैं। खबर लिखे जाने तक उन्होंने कोई ठोस कार्रवाई या आश्वासन नहीं दिया।

### अभिभावकों की चिंता

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल परिसर में हमेशा निर्माण सामग्री का जमावड़ा रहता है। बच्चों को लेने-छोडने के समय भी भारी वाहन बेरोकटोक आते-जाते रहते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जिम्मेदारों का कहना

सीबीडीईओ हेमलता शर्मा ने कहा, यदि मामला प्रकाश में आया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। पहले भी इस तरह की शिकायतें मिल चुकी हैं। वहीं प्रिंसिपल आशुतोष माथुरिया ने कहा, मैं हाल ही में नियुक्त हुआ हूं। अभी समय नहीं मिल पाया है, पीछे जाकर स्थिति देखूंगा और आवश्यक कार्रवाई करवाऊंगा।

# सीआईआईटी एजुकेशन पर निःशुल्क महिला बैच का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** आनंद नगर स्थित सीआईआईटी एजुकेशन संस्थान में महिलाओं के लिए निःशुल्क आरएस-सीआईटी एवं आरएस-सीएफए बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। महिलाएं यदि डिजिटल शिक्षा से जुड़ती हैं तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि समाज और परिवार के आर्थिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और युवा पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने महिलाओं को आर एस-सीआईटी एवं टेली कोर्स के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें डिजिटल शिक्षा से जुडने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, निलेश मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का पगड़ी एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।संस्था संचालक दीपक जैन ने बताया कि इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 48 महिला विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें तीन माह तक कंप्यूटर प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह सामाजिक पहल संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर रूप से की जा रही है। कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ मेंबर एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं को कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

# जलिया एवं डल्ला किशनपुरा ग्राम पंचायतों में हुआ ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत जलिया एवं डल्ला किशनपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर ग्रामीण सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट एवं पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया।

सहायक शिविर प्रभारी लक्ष्मण लाल खटीक, विकास अधिकारी, निम्बाहेड़ा तथा घनश्याम जरवार, तहसीलदार के निर्देशन में प्रातः 10 बजे से शिविर की कार्यवाही प्रारंभ हुई, जिसमें ब्लॉक स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आमजन को लाभ पहुंचाने एवं समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर में विभागों की लाभकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए बैनर, पोस्टर एवं सूचना सामग्री प्रदर्शित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

ग्राम पंचायत जलिया एवं डल्ला किशनपुरा में पट्टा वितरण किए गए, साथ ही नामान्तरण, खाता शुद्धि के प्रकरणों का निस्तारण करने तथा आपसी सहमति से विभाजन के प्रकरण भी निपटाए गए। इस अवसर पर पंस सदस्य हीरालाल जटिया, बाबूलाल धाकड़, रघुनाथ सिंह सेमलिया, पूर्व सरपंच गोपाल धाकड़, जलिया ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि अम्बालाल मीणा आदि सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिविर के लाभार्थियों ने राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से आमजन को दी जा रही राहत एवं सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया।

# बाल विवाह पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश माननीय सत्यनारायण व्यास, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीता चौधरी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत डिफेंस अधिवक्ता नरेंद्र डाबी ने विधिक जागरूकता सप्ताह के दौरान, विधिक जागरूकता शिविर का राजकीय माध्यमिक विद्यालय खंड गावडी सिविल लाइन कोटा में आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत बाल विवाह अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। डिफेंस एडवोकेट नरेंद्र डाबी ने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है जिसमें लडक़ी की उम्र 18 वर्ष और लडक़े की उम्र विवाह हेतु 21 वर्ष होनी चाहिए तभी विवाह वैध माना जाएगा अन्यथा ऐसा विवाह वैध नहीं माना जाता है। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों, शरीर पर पडने वाले हेल्थ इश्यूज के बारे में भी डिफेंस एडवोकेट नरेंद्र डाबी ने विद्यार्थियों को बालिकाओं को जागरूक किया।

## शिक्षा मंत्री के गृह क्षेत्र में ठेकेदारों की मनमानी

# वेस्टेज से हो रहा सड़क निर्माण, प्रशासन मौन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** शिक्षा मंत्री के गृह क्षेत्र रामगंजमंडी में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। मारुति नगर स्थित राजनगर कॉलोनी में सडक़ समतलीकरण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा कोटा स्टोन की वेस्टेज कतरन डाले जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

जहाँ सडक़ को मजबूत बनाने के लिए रेती, सीमेंट और कंक्रीट की परत बिछाई जानी चाहिए थी, वहाँ ठेकेदार ने पत्थरों की कचरा वेस्टेज डालकर जनता के पैसों से खिलवाड़ किया है।





नगरपालिका ठेकेदारों पर मेहरबान

स्थानीय कॉलोनी निवासियों का कहना है कि ठेकेदारों की मनमानी पर नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह मौन है। अधिकारी जानते हुए भी आंखें मूँद रहे हैं। यह वही नगर पालिका है जहाँ पहले सुविधा नगर और पंचमुखी बालाजी मंदिर अंडरपास के पास में भी इसी तरह घटिया निर्माण हुआ था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल फाइलें सरकाई गईं। कॉलोनी की जनता का आरोप है कि नगर पालिका के कुछ अधिकारी ठेकेदारों से मिलीभगत कर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं, जब मंत्री के अपने गृह क्षेत्र में ही इस तरह के निर्माण घोटाले हो रहे हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि चुप क्यों हैं।

### इनका कहना

शिकायत पीडब्लूडी से क्रॉस चेक करवाएंगे यदि, अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**चारू वर्मा,** एसडीएम रामगंज मंडी।

शिकायत प्राप्त होने पर हम आवश्यक जांच करवाते हैं, कोई जानकारी आती है, तो हम इसको तकनीकी और शर्तो के आधार पर जांच करवाएंगे।

**देवांशु शर्मा,** डी डी आर, कोटा।

## ‘वंदे मातरम के 150 वर्ष- झालावाड़ ने मनाया राष्ट्रीय गौरव का अमर उत्सव’

# प्रभारी मंत्री देवासी बोले - वंदे मातरम हमारी राष्ट्रीय चेतना की आत्मा

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़, (नि.स.)।** ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा वंदे मातरम, अमर राष्ट्रगीत के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं की अनगिनत पीढियों को प्रेरित करती रही है और यह भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना का चिरस्थायी प्रतीक है।

प्रभारी मंत्री देवासी भवानी पार्क में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने राष्ट्रगीत के महत्व पर आधारित वंदे मातरम/150 प्रदर्शनी का शुभारंभ किया, राष्ट्रगीत सामूहिक गायन और ‘‘वन्दे मातरम रन’’ का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एडीएम अनुराग भार्गव, सीईओ शंभूदयाल मीणा मौजूद रहे।



उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को स्वर दिया जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की। हम सभी राष्ट्रीय चेतना के महान गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के साक्षी बन रहे हैं तथा अमर काव्य की वंदना कर रहे हैं।

प्रभारी मंत्री देवासी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का यह जश्न भारत की राष्ट्रीय पहचान के विकास में इस गीत के गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दिखाता है। यह आयोजन न केवल बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के विजन की स्थायी प्रासंगिकता की पुष्टि करता है, बल्कि आधुनिक भारत में राष्ट्रवाद, एकता और सांस्कृतिक आत्म-जागरूकता के विमर्श को आकार देने में इस गीत की भूमिका के बारे में नए सिरे से सोचने के लिए भी प्रेरित करता है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में झलका वंदे मातरम का ऐतिहासिक सफर

समारोह स्थल पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा वंदे-मातरमञ्च150 पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया।

जनसंपर्क अधिकारी हेमन्त छीपा ने बताया कि प्रदर्शनी में राष्ट्रीय गीत के लेखन से लेकर स्वतन्त्रता आन्दोलन में वंदे मातरम का जन-जन तक के संदेश को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष संजय जैन ताऊ, चंद्रमोहन दाभाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, जिला खेल अधिकारी डॉ. कृपाशंकर शर्मा, सहायक निदेशक पर्यटन सिराज कुरैशी, अधीक्षण अभियंता जीतमल नागर, डॉ. अलीम बैग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंच संचालन पूनम रोतेला व नरेंद्र दूबे ने किया।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर : घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा के पार से शुक्रवार को घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया था। भारतीय सेना की यूनिट चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में दो आतंकी मारे गए। ऑपरेशन अभी जारी है। सेना ने इसे ऑपरेशन पिंपल नाम दिया है। मारे गए आतंकियों की पहचान या उनके संगठन की जानकारी अभी नहीं मिली है। इससे पहले 5 नवंबर को किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में मुठभेड़ हुई थी। आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया था।

### जम्मू-कश्मीर की जेलों में पुलिस का छापा

मुठभेड़ के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने शनिवार को घाटी की कई जेलों में छापा मारा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान अगर कुछ भी अवैध बरामद होता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने इसे नियमित जांच का हिस्सा बताया और कहा कि इंटरनल सिक्योरिटी को मजबूत करने और जेल सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ताकि जेलों के अंदर कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो।

## डीजीपी राजीव कुमार ने जयपुर में पुलिसकर्मियों के साथ की अहम बैठक

# सभी पुलिस लाइन में लाइब्रेरी खोलने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा ने पुलिसकर्मियों के अनुशासन, प्रशिक्षण और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी जिलों के संचित निरीक्षकों और लाइन ऑफिसरों के साथ एक विशेष बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइनों की सुविधाओं और पुलिस कर्मियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कहा कि हर जिले में पुलिस लाइन में स्कूल, डिस्पेंसरी, जिम, लाइब्रेरी, कैंटीन और मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने 31 दिसम्बर तक सभी पुलिस लाइनों में लाइब्रेरी खोलने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, फैमिली वेलफेयर कमेटियों को सक्रिय करने और पुलिस लाइनों के मेस, बैरक, शौचालय, भोजन की गुणवत्ता आदि की नियमित निगरानी पर भी बल दिया।

### स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर नजर

बैठक में पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। डीजीपी ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझते हुए एक कार्य योजना तैयार करने की बात की। साथ ही, दूरदराज के पुलिस कर्मियों के लिए जयपुर में स्वास्थ्य सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का परीक्षण करने और नियमित स्वास्थ्य चेकअप कैम्प आयोजित करने की भी सलाह दी।

### महिला पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए कदम

महिला पुलिस कर्मियों के लिए विशेष रूप से अलग टॉयलेट, बैरक और कार्यस्थल की सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, महिला कर्मियों के बच्चों के लिए क्रेच व्यवस्था और महिला परिवारजनों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई गई, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।



# पीएम मोदी आज देहरादून में रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (9 नवंबर, 2025) को उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर आयोजित रजत जयंती समारोह में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, रविवार दोपहर लगभग 12:30 बजे पीएम मोदी देहरादून का दौरा करेंगे और उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती समारोह में पीएम मोदी एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस दौरान, वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री 8140 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनमें 930 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और 7210 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पीएम मोदी 28,000 से अधिक किसानों के लिए सीधे उनके बैंक खातों में 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी जारी करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री द्वारा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें अमृत योजना के अंतर्गत 23 क्षेत्रों के लिए देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ जिले में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र, नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री जल-क्षेत्र से जुड़ी दो प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे-सोंग बांध पेयजल परियोजना, जो देहरादून को 150 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पेयजल उपलब्ध कराएगी और नैनीताल में जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना, जो पेयजल उपलब्ध कराएगी, सिंचाई और बिजली उत्पादन में सहायक होगी।

# वंदे भारत के उद्घाटन में आरएसएस का गीत गाया गया

## केरल सीएम नाराज, बोले- रेलवे संघ के सांप्रदायिक एजेंडे को समर्थन दे रहा

बढ़ता राजस्थान



**तिरुवनंतपुरम।** एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन के दौरान कोच्चि रेलवे स्टेशन पर छात्रों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का गण गीत गवाया गया।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन इससे नाराज हो गए। उन्होंने ट्वीटर पोस्ट में लिखा- स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत के धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद की आधारशिला के रूप में काम करने वाला रेलवे अब स्वतंत्रता संग्राम के साथ विश्वासघात करने वाले आरएसएस के सांप्रदायिक एजेंडे का समर्थन कर रहा है।

उन्होंने लिखा, सरकारी कार्यक्रम में आरएसएस का गण गीत छात्रों से गवाया जाना बहुत गलत है। ये स्वीकार नहीं किया जा सकता। दूसरे धर्मों के खिलाफ लगातार नफरत और सांप्रदायिक विभाजनकारी राजनीति फैलाने वाले आरएसएस के गीत सरकार के आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल करना संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।

विजयन ने लिखा कि वंदे भारत के उद्घाटन समारोह में उग्र हिंदुत्व की राजनीति की झलक देखने को मिली। इसके पीछे धर्मनिरपेक्षता को नष्ट करने की एक ओछी राजनीतिक मानसिकता थी। इस तरह की हरकतें सरकारी कार्यक्रमों के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कमजोर करती हैं।

वहीं इस मामले पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें पूछा गया है कि स्कूली छात्रों को शुभारंभ समारोह में आरएसएस गीत गाने के लिए क्यों कहा गया।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम को आरएसएस के समारोह में बदल दिया गया और दक्षिण रेलवे के आधिकारिक ङ्ग हैंडल ने भी इसे गर्व से शेयर किया। यह भारतीय रेलवे का जबरदस्त दुरुपयोग है, जो एक राष्ट्रीय संस्था है और हर नागरिक की है, किसी विभाजनकारी विचारधारा की नहीं।

उन्होंने कहा कि यह भारत को एक संवैधानिक गणराज्य से धीरे-धीरे आरएसएस-नियंत्रित निरंकुश शासन में बदलने का एक गलत प्रयास है। इस तरह के दुष्प्रचार संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और हमारी संस्थाओं की गरिमा को कमजोर करते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश का सड़क तंत्र बन रहा मजबूत

## 24 हजार 976 करोड़ व्यय कर 36 हजार 140 किलोमीटर सड़क बनाने का कीर्तिमान स्थापित गांवों से शहर तक फैल रहा सड़कों का नेटवर्क, आमजन का आवागमन बन रहा सुगम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान में सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए सड़कों के विकास कार्य को प्राथमिकता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कर रही है। इसी क्रम में चरणबद्ध रूप से प्रदेश में राज्य राजमार्गों का निर्माण, सड़कों का क्रमोन्नयन, चौड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास, आरओबी, आरयूबी व उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण से राज्य के समग्र विकास को नवीन गति मिल रही है।

### सड़कों के विकास के लिए 12 हजार 391 कार्य स्वीकृत

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में सड़कों के विकास पर 24 हजार 976 करोड़ रुपये व्यय कर 36 हजार 140 किलोमीटर सड़कों का विकास किया गया है। वहीं, 28 हजार 600 किलोमीटर लंबी सड़कों के विकास के लिए 14 हजार 816 करोड़ रुपये के 12 हजार 391 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क तंत्र मजबूत बनाने की दिशा में 1 हजार 564 गांव और बसावटों को सड़कों से जोड़ा गया है। साथ ही, 3 हजार 543 किलोमीटर लंबाई की मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 1 हजार 328 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, 327 अटल प्रगति पथों के निर्माण के लिए 813 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है।

### प्रदेश में 6 हजार 249 किमी के राज्य राजमार्गों का विकास

**प्रदेश में 22 माह से अधिक के कार्यकाल में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप राजमार्ग सुविधा को बेहतर बनाते हुए निरंतर इनका विकास एवं विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 हजार 194 करोड़ रुपये की लागत से 6 हजार 249 किलोमीटर लंबाई के राज्य राजमार्गों का विकास हो चुका है एवं 2 हजार 547 करोड़ रुपये की लागत से 8 राज्य राजमार्गों में कार्य प्रगति पर है। जिला मुख्यालय से संपर्क को सुगम बनाने के लिए 5 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का मुख्य जिला सड़कों में क्रमोन्नयन किया गया है।**



### राष्ट्रीय राजमार्ग हो रहे सुदृढ़, रेलवे क्रॉसिंग बन रही सुरक्षित

**राजस्थान में डबल इंजन की सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास हो रहा है। 600 किलोमीटर लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ाईकरण व सुदृढ़ीकरण हो चुका है। 457 किलोमीटर लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा व सुदृढ़ करने का कार्य प्रगति पर है। रेलवे क्रॉसिंग को सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेश में 10 आरओबी का निर्माण पूरा हो चुका है तथा 33 आरओबी का निर्माण प्रगति पर है। वहीं, 14 आरयूबी का निर्माण पूर्ण होने के साथ ही 14 आरयूबी का निर्माण प्रगति पर है। प्रदेश में 11 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 15 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।**

# अहमदाबाद- महिला ने दुकानदार की आंखों में मिर्च पाउडर फेंका

## ज्वेलरी शॉप लूटने की साजिश थी, ओनर ने 20 सेकेंड में 20 थप्पड़ जड़े

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एक महिला के ज्वेलरी शॉप लूटने की नाकाम कोशिश का वीडियो शनिवार को वायरल हो रहा है। महिला ने ज्वेलरी शॉप में मिर्च पाउडर फेंककर लूटने की कोशिश की थी, लेकिन उसकी साजिश कुछ सेकेंड में ही फेल हो गई।

इसके बाद दुकानदार ने फुर्ती दिखाई और महिला को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। दुकानदार ने 20 सेकेंड में 20 से ज्यादा थप्पड़ मारे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

घटना 3 नवंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे की है। महिला रानिप सब्जी मंडी की ज्वेलरी शॉप पर पहुंची थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बंगाल में 3 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बंटे

## एन्क्लेव महिलाओं को नाम गायब होने का खतरा; सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार की याचिका सुनने तैयार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का रिवीजन एसआईआर 4 नवंबर से शुरू हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद बूथ लेवल अधिकारियों ने 3.04 करोड़ से ज्यादा फॉर्म बांट दिए हैं। हालांकि, कूचबिहार के पूर्व एन्क्लेव निवासियों ने लगभग 450 महिलाओं के नाम जिला प्रशासन को सौंपे हैं। उन्हें डर है कि 9 दिसंबर को पब्लिश होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से उनका नाम छूट सकता है। इधर, सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर से वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सीजेआई बीआर गवई की बेंच में यह मामला लिस्टेड किया गया है। तमिलनाडु सरकार की याचिका में पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया शुरू करने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही बिहार में एसआईआर की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। अगस्त 2015 में भारतीय मुख्य भूमि में 51 बांग्लादेशी एन्क्लेवों शामिल किए गए थे। यहां रहने वाली इन महिलाओं के नाम उस साल एन्क्लेव एक्सचेंज से पहले जनगणना के लिए नहीं रखे गए थे क्योंकि उनकी पहले ही शादी हो चुकी थी। वे देश के विभिन्न कोनों में अपने ससुराल वालों के साथ रहने चली गई थीं। भारत-बांग्लादेश के बीच1974 के भूमि सीमा समझौते के तहत परिक्षेत्रों का ऐतिहासिक आदान-प्रदान हुआ।आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, भारतीय बॉर्डर में रहने वाले बांग्लादेशी परिक्षेत्रों के 15,856 निवासियों को नागरिकता दी गई। वहीं, बांग्लादेश में भारतीय परिक्षेत्रों में रहने वाले 921 अतिरिक्त निवासियों को भी नागरिकता दी गई, ये सीमा पार कर बांग्लादेश आए थे।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में तीसरे दौर की शांतिवार्ता फेल

## तालिबान प्रवक्ता बोले- पाक का गैर-जिम्मेदाराना रवैया, हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब



बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद/ काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शांति वार्ता का तीसरा दौर शनिवार को किसी समझौते के बिना खत्म हो गया। दोनों देशों ने बातचीत फेल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

अफगानिस्तान सरकार ने कतर और तुर्किये की मध्यस्थता में इस्तांबुल में आयोजित दो दिवसीय वार्ता के दौरान पाकिस्तान पर गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाने का आरोप लगाया।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा- हमें लगा पाकिस्तान व्यावहारिक और लागू करने लायक शर्तें रखेगा, जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी लोग हमारे भाई और दोस्त हैं, लेकिन किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान सरकार ने इस बयान पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा था कि, बातचीत में विवाद बढ़ गया है और कोई प्रगति नहीं हुई।

9 अक्टूबर को शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों पक्षों ने 19 अक्टूबर को कतर में सीजफायर पर हस्ताक्षर किए थे। तुर्किये में 25 से 30 अक्टूबर तक आतंकवाद से निपटने को लेकर हुई दूसरी बातचीत का दौर बिना किसी समझौते के खत्म हो गया था। हालांकि सीजफायर जारी है।

अफगान प्रवक्ता बोले- सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं

मुजाहिद ने कहा कि तालिबान किसी को भी अफगानिस्तान की जमीन दूसरे देश के खिलाफ इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं देगा, न ही किसी देश को अपनी जमीन से अफगानिस्तान की संप्रभुता, स्वतंत्रता या सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की अनुमति देगा।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा- इस्लामाबाद तालिबान सरकार के उन कदमों का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हित में नहीं हैं।

पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान ने 2021 के दोहा शांति समझौते में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से किए वादों को पूरा नहीं किया, खासकर आतंकवाद से लड़ने के वादे।

पाकिस्तान मानता है कि काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे समूहों को पनाह दे रहा है, जिसने पाकिस्तान में हमले किए हैं। जवाब में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के अंदर कई हवाई हमले किए।

पिछले महीने काबुल में धमाकों के लिए तालिबान ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, तालिबान टीटीपी को पनाह देने से इनकार करता है और आपसी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 [M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 [M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार